उज्जैन
सोमवार
02
नवम्बर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-359
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 इंदौर में पुष्य नक्षत्र के संयोग पर राजबाड़ा, सराफा और आसपास के बाजारों में जमकर रौनक रही

7 ईशान साल में सबसे ज्यादा टी-20 रन बनाने वाले भारतीय



उर्वशी-नताशा ने फैशन वीक में रैंप वॉक किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

रविवार को मुंबई के ग्रैंड हयात होटल में 'बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक अक्टूबर 2026' के तीसरे दिन कई बॉलीवुड स्टार्स और मॉडल्स शामिल हुईं। इस कार्यक्रम में नताशा स्टेकोविक, उर्वशी रौतेला, अनन्या बांगड़ और रीति तिवारी ने रैंप वॉक कर डिजाइनरों के कलेक्शन को प्रस्तुत किया। दूसरी ओर रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर और चेयरपर्सन नीता अंबानी ने रविवार को मुंबई के पास कर्जत में 'नीता मुकेश अंबानी अनंत आश्रय' परियोजना का भूमि पूजन किया। 100 एकड़ में फैलने वाले इस संस्थान का मकसद अनाथ बच्चों, बुजुर्गों और दिव्यांगों को जीवनभर के लिए घर और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

देश

- **रामलीला** मैदान में इंडिया ब्लॉक की महारैली, राहुल गांधी की चेतावनी- ज्ञानेश कुमार जेल जाएंगे
- **तेजस्वी** यादव की हुंकार- लोकतंत्र को खत्म नहीं होने देंगे, यूपी चुनाव में बीजेपी को हराएंगे
- **राहुल गांधी** की रैली को इखढ ने बताया फ्लॉप, संबित पात्रा का दावा- रामलीला मैदान में 40% जगह खाली रही
- **महाराष्ट्र** में बिना लाइसेंस साहूकारों की नहीं चलेगी मनमानी, चेक बाउंस केस में शुरूआत में ही दिखाना होगा कर्ज देने का लाइसेंस
- **झारखंड** में पत्नी की हत्या कर सड़क किनारे फेंका शव, घरेलू विवाद के बाद वारदात; आरोपी पति गिरफ्तार
- **गोरखपुर** में सीएम योगी का सपा पर बड़ा हमला, 1500 दंगों का लगाया आरोप

विदेश

- **ईरान** ने ब्रिटिश नौसेना-वायुसेना को आतंकी घोषित किया, अमेरिका-इजराइल की मदद का आरोप, 3 महीने पहले ब्रिटेन ने आईआरजीसी को आतंकी संगठन बताया था
- **यूरोप** में इस साल 22 हजार प्रदर्शन हुए, फ्रांस की हिंसक प्रदर्शनों में 66% हिस्सेदारी, 1 महीने में 8 देशों में आंदोलन
- **बांग्लादेश** में कपड़ा मजदूरों का प्रदर्शन, 3 जगह हिंसा हुई, प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर फेंके, गाड़ी जलाई, वेतन बढ़ाने की मांग कर रहे

व्यापार

- **सेंसेक्स** 800 अंक चढ़कर 75,000 के पार पहुंचा, निफ्टी भी 200 अंक ऊपर 23,250 पर, ऑटो और बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा खरीदारी
- ईपीएफओ ने वॉट्सएप सर्विसेज शुरू की, पीएफ बैलेंस-पासबुक और 5 नए ट्रांजेक्शन देख सकेंगे

कार्टून..



रेलवे ने बनाया स्टेशन से अस्पताल तक बनाया ग्रीन कॉरिडोर

वंदे भारत से सूरत का धड़कता दिल पहुंचा अहमदाबाद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अहमदाबाद

भारतीय रेलवे ने एक बार फिर जीवन रक्षक भूमिका निभाते हुए वंदे भारत एक्सप्रेस के जरिए सूरत से अहमदाबाद तक एक धड़कते दिल का त्वरित परिवहन किया। रविवार को मुंबई सेंट्रल-गांधीनगर कैपिटल वंदे भारत एक्सप्रेस के माध्यम से दिल को अहमदाबाद पहुंचाया गया। इसके लिए रेलवे ने विशेष व्यवस्था करते हुए चिकित्सा टीम को सूरत स्टेशन से ट्रेन के कोच नंबर सी-12 में सवार कराया।

दिल को सूरत के न्यू सिविल हॉस्पिटल से अहमदाबाद लाया गया। अहमदाबाद रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर-1 से यूएन मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर तक पहुंचाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। इसमें रेलवे के वाणिज्य विभाग, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और राज्य पुलिस ने समन्वय के साथ सहयोग किया, जिससे दिल को बेहद कम समय में अस्पताल पहुंचाया जा सका। अहमदाबाद के मंडल रेल प्रबंधक वेद प्रकाश ने बताया कि जिंदा दिल के त्वरित और सुरक्षित परिवहन के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस का उपयोग करने का यह तीसरा अवसर है।



अंग प्रत्यारोपण में समय की अहम भूमिका

हृदय प्रत्यारोपण के लिए डोनर का दिल निर्धारित समय सीमा में मरीज तक पहुंचाना बेहद जरूरी होता है। ऐसे में वंदे भारत जैसी तेज और समयबद्ध रेल सेवा जीवन रक्षक साबित हो रही है। रेलवे ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए संबंधित अस्पतालों, चिकित्सा टीमों, राज्य पुलिस और रेलवे अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया।

बीजेपी दफ्तर पर बीयर की बोतलें फेंकने के आरोप में 2 कांग्रेस कार्यकर्ता गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ केरलम

केरलम में भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पर बीयर की बोतलें फेंकने के आरोप में पुलिस ने सोमवार को कांग्रेस के दो कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान सुजीत कुमार और अरुण के रूप में हुई है। दोनों स्थानीय कांग्रेस इकाइयों के कार्यकर्ता हैं। यह घटना करीब एक महीने पहले हुई थी। पुलिस के मुताबिक, तिरुवनंतपुरम जिले में अलग-अलग राजनीतिक संगठनों के बीच हुई झड़पों के बाद तनाव बढ़ गया था। सितंबर के आखिरी हफ्ते में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के काफिले को यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काले झंडे दिखाए थे। इसके बाद तिरुवनंतपुरम में कांग्रेस जिला समिति के कार्यालय पर हमला हुआ था। इस मामले में भाजपा के कुछ कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद रात में भाजपा के प्रदेश मुख्यालय मारारजी भवन पर बीयर की बोतलें फेंकी गई थीं। भाजपा ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन भी किया था। पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच और घटना में इस्तेमाल किए गए वाहन का पता लगाकर संदिग्धों की पहचान की।

इंदौर-बैतूल हाईवे पर तस्करी रोकने पहुंचे थे

शराब तस्करों ने खातेगांव थाना प्रभारी को कुचला, मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खातेगांव

मध्य प्रदेश के देवास में अवैध शराब भरे वाहन (ट्रक) ने खातेगांव टीआई दिलीप पुरी को कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल पुरी को अस्पताल ले जाया गया। यहां करीब दो घंटे तक उढफ और इलाज के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। टीआई पुरी रविवार देर रात करीब डेढ़ बजे अवैध शराब की तस्करी की सूचना पर कार्रवाई करने टीम के साथ इंदौर-बैतूल हाईवे पहुंचे थे। नेमावर पुलिस भी इसी ट्रक का पीछा कर रही थी। पुलिस टीम को ट्रक हाईवे पर डिवाइडर के किनारे खड़ा मिला।

थाना प्रभारी पुरी ने ड्राइवर से बाहर आने को कहा। इसी दौरान वह ट्रक को डिवाइडर पर चढ़ाकर आगे बढ़ाने लगा। इस दौरान पिछला पहिए उन पर चढ़ गया और पुरी गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके शरीर पर कई जगह गंभीर चोटें आई थीं और काफी खून बह गया था।

पुलिस को घटनास्थल पर मिला ट्रक खाली बताया जा रहा

- इस मामले में सबसे बड़ा सवाल ट्रक में मिली शराब को लेकर है। बताया जा रहा है कि शराब माफिया ने शराब से भरे ट्रक से टीआई दिलीप पुरी को कुचला था, लेकिन पुलिस को घटनास्थल पर मिला ट्रक खाली बताया जा रहा है।
- ऐसे में सवाल उठता है कि क्या टीआई को कुचलने के बाद ट्रक से शराब अनलोड कराई गई? अगर ऐसा हुआ है, तो शराब कहां गई और इसे किसने हटाया?

पिता ओमप्रकाश पुरी कृषक होने के साथ कांग्रेस के नेता

- देवास जिले के खातेगांव थाना प्रभारी दिलीप पुरी मूल रूप से धार जिले की सरदारपुर तहसील के ग्राम बरमण्डल के निवासी थे। उनके पिता ओमप्रकाश पुरी कृषक होने के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता हैं। टीआई की मौत की खबर मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।
- बताया जा रहा है कि दिलीप पुरी का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव बरमण्डल में राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। उनके छोटे भाई इंदौर में निजी नौकरी करते हैं। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और रिश्तेदार उनके घर पहुंचने लगे हैं।



वाहन छोड़कर भागा चालक

टीआई की रौंदने के बाद वाहन चालक वाहन डिवाइडर पर चढ़ाकर दूसरी तरफ ले गया। पुलिस ने वाहन का पीछा किया लेकिन चालक संदलपुर में वाहन छोड़कर भाग गया। पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। दबिश में शामिल अफसरों के मुताबिक शराब तस्करी में हरदा के राहुल जायसवाल का नाम सामने आया है और देवास के तस्कर भी नेटवर्क में शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही एसपी आदित्य मिश्रा सहित अन्य अफसर मौके पर पहुंच गए हैं। घटना की सूचना मिलने पर देवास एसपी आदित्य मिश्रा सोमवार तड़के करीब 3:30 बजे खातेगांव पहुंचे। मृतक का परिवार भी खातेगांव पहुंच गया है। पुरी के परिवार में पत्नी कविता और बेटा-बेटी हैं।

अरुण यादव बोले- कानून के रक्षक ही सुरक्षित नहीं हैं

मामले में पूर्व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष अरुण यादव ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर घटना को प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर करारा तमाचा बताया। यादव ने दिलीप पुरी को श्रद्धांजलि देते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में माफिया बेखौफ हैं और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।

चंदाना-बिंजाना में संदिग्ध जहरीली शराब से 13 मौतें

इससे पहले हाल ही में देवास जिला मुख्यालय से करीब 7 किलोमीटर दूर चंदाना और पास के बिंजाना गांव में संदिग्ध जहरीली शराब से मौतों का मामला सामने आया था। ग्रामीणों ने दोनों गांवों में 20 दिन के भीतर 13 से ज्यादा लोगों की मौत होने का दावा किया था। कई लोगों की आंखों की रोशनी प्रभावित होने की बात भी सामने आई थी। ग्रामीणों के मुताबिक, मौतों का सिलसिला 27 सितंबर को शुरू हुआ था। शराब पीने के बाद लोगों को पेट दर्द, चक्कर, घबराहट और उल्टी की शिकायत हुई थी। कुछ ही घंटों में उनकी मौत हो गई थी। इस मामले के बाद जिले में अवैध शराब के कारोबार को लेकर सवाल उठे थे। अब अवैध शराब तस्करी की सूचना पर कार्रवाई के दौरान खातेगांव थाना प्रभारी की मौत का मामला सामने आया है।

देवास और सागर के कलेक्टर-एसपी बदले गए थे

जहरीली शराब से मौतों के मामलों के बीच देवास और सागर के कलेक्टर-एसपी बदले गए थे। देवास में जिला आबकारी अधिकारी बसंती भूरिया समेत 3 आबकारी अफसरों को भी निलंबित किया गया था।

अमेरिका में प्लेन क्रैश, 9 की मौत

जमीन से टकराते ही विमान आग के गोले में बदला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ फ्लोरिडा

अमेरिका के फ्लोरिडा में रविवार को एक बिजनेस जेट क्रैश हो गया। हादसे में विमान में सवार सभी 9 लोगों की मौत हो गई। एएफपी के मुताबिक, विमान टेक्सास से बहामास जा रहा था। हादसे से कुछ देर पहले पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को बताया कि विमान तेजी से नीचे गिर रहा है। इसके कुछ ही देर बाद विमान सड़क के पास जमीन से टकरा गया।

टक्कर होते ही जोरदार धमाका हुआ और विमान आग के गोले में बदल गया। हादसे में जमीन पर बड़ा गड्ढा बन गया और आसपास के इलाके में आग फैल गई। यह जगह राष्ट्रपति ट्रम्प के मार-ए-लागो आवास से करीब 14 किलोमीटर दूर है।

एयर ट्रैफिक कंट्रोलर और पायलट के बीच बातचीत की रिकॉर्डिंग सामने आई है। इसमें पायलट ने बताया कि मौसम खराब हो रहा है। विमान में बर्फ जम रही है और तेज झटके लग रहे हैं। हालात बिगड़ने पर पायलट ने 2 हजार फीट और ऊंचाई पर जाने की अनुमति मांगी। इसी दौरान विमान तेजी से नीचे गिरने लगा। स्थिति बिगड़ती देख पायलट ने इमरजेंसी घोषित कर दी।

विमान हादसे से पहले 35 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ रहा था। नीचे गिरते समय विमान की अधिकतम रफ्तार 30 हजार फीट प्रति मिनट, यानी करीब 550 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई। अमेरिकी परिवहन मंत्री सीन डफी ने बताया कि यह हादसा दोपहर 12 बजकर 50 मिनट पर हुआ। उन्होंने इसे बेहद दर्दनाक हादसा बताया। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन जांच में मदद के लिए अपनी टीम भेज रहा है। यह टीम नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड के साथ मिलकर हादसे की जांच करेगी।

कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने सोशल मीडिया पर दावा किया कि विमान क्रैश से पहले बिजली की लाइन से टकराया था। अधिकारियों ने इस दावे की पुष्टि नहीं की है।

चक्रवात मुरासु चेन्नई से 260किमी दूर, आज रात आंध्र तट से टकराएगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवात मुरासु अब ताकतवर तूफान में बदल गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, सोमवार सुबह यह चेन्नई से 260 और नेल्लोर से 290 किलोमीटर दूर था। तूफान 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। इसके 2 नवंबर की रात से 3 नवंबर की सुबह के बीच ओंगोल के पास आंध्र प्रदेश के तट से टकराने की संभावना है। इस दौरान हवा की रफ्तार 100 से 110 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। बंगाल की खाड़ी में एक हफ्ते के भीतर यह दूसरा चक्रवाती तूफान है। इससे पहले चक्रवात अर्नब 28 अक्टूबर को आंध्र के तट से टकराया था। मुरासु का असर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना, कर्नाटक और महाराष्ट्र में दिखने का अनुमान है। ओडिशा में 2 और 3 नवंबर को भारी बारिश का अलर्ट है। मध्य प्रदेश में 5 नवंबर तक आंधी-बारिश का दौर रह सकता है। इधर, उत्तर प्रदेश के देवरिया, कुशीनगर समेत 10 शहरों में सोमवार सुबह कोहरा छाया रहा। बिहार के सुपौल में कोहरे के कारण विजिबिलिटी 60 मीटर रही।

बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुसी बोलेरो, दो युवकों की मौत, दो घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ झुंझुनूं

राजस्थान के झुंझुनूं जिले में शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की जान चली गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा चिड़ावा-सिंघाना मार्ग पर गाड़ाखेड़ा चौकी के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार बोलेरो और बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली सिंघाना से चिड़ावा की ओर जा रही थी। वहीं बोलेरो में सवार चार युवक चिड़ावा से सिंघाना की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान गाड़ाखेड़ा चौकी के पास दोनों वाहनों की टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद बोलेरो में सवार चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस चालक रमेश कुमार और ईएमटी भलेश ने घायलों को तत्काल चिड़ावा उप जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने दीपक पुत्र सुभाष पायल को मृत घोषित कर दिया।

शादी में खाना खाने के बाद 27 लोग बीमार



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

मुंबई के भांडुप इलाके में शादी में खाना खाने के बाद करीब 27 लोग बीमार पड़ गए। इनमें नवविवाहित जोड़ा भी शामिल है। सभी मरीजों को एमटी अग्रवाल म्युनिसिपल जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ. कैलाश मारस्कोले ने यह जानकारी दी। डॉ. कैलाश मारस्कोले ने बताया, 27 मरीजों को भर्ती किया गया है। इनमें 2 बच्चे भी शामिल हैं। फिलहाल सभी 27 मरीजों की हालत स्थिर है।

उमर अब्दुल्ला को 25 विधायकों ने अल्टीमेटम दिया

14 दिन में मांगें नहीं मानीं तो समर्थन वापस लेंगे, मंत्री पद न मिलने से नाराज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के 25 विधायकों ने रविवार को पार्टी नेतृत्व को 14 दिन का अल्टीमेटम दिया है। विधायकों ने मांगें पूरी नहीं होने पर सरकार से समर्थन वापस लेने की धमकी दी है। इन विधायकों ने मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर सोगामी और 27 अक्टूबर को कैबिनेट विस्तार में बने 4 नए मंत्रियों को हटाने की मांग की। इसके साथ ही वे मंत्रिमंडल में बड़े बदलाव की मांग कर रहे हैं। सोगामी पर पार्टी नेतृत्व को गुमराह करने और संगठन के कामकाज में हस्तक्षेप करने का आरोप है।

श्रीनगर से सांसद आगा ने इस्तीफे का ऐलान किया- श्रीनगर से सांसद आगा सैयद रूहुल्लाह मेहदी ने भी इस्तीफे का ऐलान किया है। रूहुल्लाह ने कहा है कि वह 3 नवंबर को नेशनल कॉन्फ्रेंस और लोकसभा सदस्यता, दोनों से औपचारिक इस्तीफा दे देंगे। उन्होंने पार्टी नेतृत्व पर वैचारिक प्रतिबद्धताओं को कमजोर करने का आरोप लगाया है। रूहुल्लाह का कहना है कि पार्टी धारा 370 पर केंद्र के फैसल को चुनौती देने के वादे से पीछे हट रही है।

विधायकों का 4 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल बनाया



बैठक में विधायकों ने 4 सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल बनाने का फैसला किया। इसकी अगुआई पार्टी के सीनियर लीडर और गुरेज विधायक नजीर अहमद गुरेजी तथा थानामंडी विधायक मुजफ्फर इकबाल खान करेंगे।
प्रतिनिधिमंडल पार्टी अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मिलकर अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपेगा। विधायकों ने नेतृत्व के जवाब का इंतजार करने और उसके बाद आगे की रणनीति तय करने का फैसला किया है।



महाकाल श्रृंगार



महाकाल ने धारण किया मोगरा-गुलाब के फूलों का श्रृंगार

अपनेतक

हादसा नहीं, व्यवस्था की गंभीर विफलता!

उज्जैन के श्री गंगा रेस्टोरेंट में हुआ दर्दनाक हादसा केवल चार कर्मचारियों की मौत की खबर नहीं है, बल्कि यह हमारे सिस्टम और कार्यस्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था की हकीकत को उजागर करने वाली घटना है। देवास रोड स्थित रेस्टोरेंट के फूड वेस्ट चैंबर की सफाई के दौरान जहरीली गैस और ऑक्सीजन की कमी ने चार जिंदगियां छीन लीं। सबसे दुखद पहलू यह है कि एक को बचाने की कोशिश में दूसरे और फिर तीसरे लोग भी मौत के मुंह में समाते चले गए।

सवाल यह नहीं है कि हादसा कैसे हुआ, सवाल यह है कि आखिर ऐसी नौबत आई ही क्यों? क्या चैंबर में उतरने से पहले गैस की जांच की गई थी? क्या कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण, ऑक्सीजन मास्क और जरूरी प्रशिक्षण दिया गया था? क्या प्रबंधन ने सफाई कार्य की गंभीरता को समझा था? इन सवालों के जवाब जांच में सामने आने चाहिए।

चार परिवारों ने अपने अपनों को खोया है। आर्थिक सहायता उनके जीवन का खालीपन कभी पूरा नहीं कर सकती। जरूरत केवल मुआवजे की घोषणा करने की नहीं, बल्कि जिम्मेदारी तय करने की है। यह भी सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य में किसी कर्मचारी को रोजी-रोटी के लिए अपनी जान जोखिम में न डालनी पड़े।

प्रशासन को इस घटना को चेतावनी के रूप में लेना चाहिए। शहर के सभी होटल, रेस्टोरेंट, अस्पताल और औद्योगिक संस्थानों में बने सीवेज टैंक, वेस्ट चैंबर और बंद स्थानों की सुरक्षा जांच अनिवार्य होनी चाहिए। क्योंकि किसी भी कर्मचारी की जिंदगी किसी संस्थान के काम से छोटी नहीं हो सकती। चार मौतों के बाद भी अगर व्यवस्था नहीं जागी, तो यह हादसा केवल एक घटना बनकर रह जाएगा और अगली त्रासदी का इंतजार शुरू हो जाएगा।

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर सेवादल की बैठक संपन्न

उज्जैन। सिंहस्थ 2028 में आने वाले यात्रियों एवं आमजन को मार्गदर्शन देने, भूले-भटके लोगों को उनके परिजनों से मिलाने, प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराने तथा भीड़ नियंत्रण जैसी व्यवस्थाओं में सेवादल के स्वयंसेवक अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। इन तैयारियों को लेकर स्काउट भवन, उज्जैन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्वयंसेवकों के निवास, प्रशिक्षण एवं अन्य आवश्यक तैयारियों पर विशेष रूप से चर्चा की गई।जानकारी देते हुए सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट, उज्जैन संभाग एवं प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. सुरेश पाठक ने बताया कि सेवा समिति प्रभारी श्री सुभाष गौड़ की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सेवादल के विभिन्न सहयोगी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान सभी संगठनों ने सिंहस्थ 2028 के लिए अपने-अपने दल की तैयारियों की जानकारी साझा की।बैठक में रमेशचंद्र शर्मा ने स्काउट-गाइड, अरुण रोचवानी ने कांग्रेस सेवादल, महेश सिंह बैस ने सेवा समिति, डॉ. शेखर मेदमवार ने राष्ट्रीय सेवा योजना तथा विनोद चौरसिया ने तैराकी दल की तैयारियों पर प्रकाश डाला। सभी दलों के प्रतिनिधियों ने नियमित बैठकें आयोजित करने, शिविर स्थलों पर उपलब्ध भौतिक संसाधनों का निरीक्षण करने, स्वयंसेवकों की सूची तैयार करने तथा उनके प्रशिक्षण की शुरूआत करने पर सहमति जताई। इस अवसर पर राज्य कर्मचारी कल्याण समिति मध्यप्रदेश के अध्यक्ष एवं सह जिला मुख्य आयुक्त श्री रमेशचंद्र शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर विगत दिनों आयोजित सिंहस्थ 2028 की तैयारियों से संबंधित राज्य स्तरीय स्काउट-गाइड बैठक की जानकारी दी।

रवि पुष्य योग: दाम और गिरने की संभावना में सोना-चांदी की ग्राहकी त्यौहार जैसी नहीं रही

रवि पुष्य के योग में बाजार में जमकर उमडे ग्राहक,मुख्य बाजार में चलने में समस्या रही

कंठाल- छत्रीचौक,टावर झशहीदपार्क क्षेत्र में सडक के बीच एवं किनारों पर व्यवस्थित नहीं रहा बाजार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दीपावली पर्व के पूर्व रवि पुष्य के योग में रविवार शाम को बाजार में रौनक देखी गई। कपडों के साथ अन्य त्यौहारी खरीद इस दौरान अधिक रही है। सोना चांदी में दाम की गिरावट और होने की संभावना के चलते ग्राहकी त्यौहार जैसी नहीं रही है। बाजार में अव्यवस्था की स्थिति बनी रहने से दुकानदारों एवं खरीददारों को परेशानी रही है। रविवार को सुबह से लेकर अपरांह तक बाजार में छूट-पूट खरीदी हो रही थी। शाम ढलने के साथ ही बाजार में ग्राहक उमडने शुरू हो गए थे। अधिकांश ग्राहक सामान्य दीपावली की खरीदी के लिए ही खुले बाजार में रहे। इस दौरान कपडे एवं साज सज्जा की दुकानों पर खासी ग्राहकी देखी गई है। देर शाम तक बाजार में खासी भीड रही। पटनी बाजार में ग्राहकों की संख्या रही लेकिन खरीददारी कमजोर रही है।इस आवागमन में समस्या होने से ग्राहक परेशानी से दो-चार होते देखे गए हैं।



पिछले वर्षों की अपेक्षा 10 फीसदी खरीद

उज्जैन सराफा बाजार में रविवार को पुष्य नक्षत्र के लिए पटनी बाजार स्थित दुकानों पर ग्राहकों के लिए रेड कारपेट लगाया गया था। दुकानों में सजावट की गई थी। भाव भी गिरावट के साथ ही दर्ज किया गया था। इसके बावजूद बाजार कमजोर ही रहा है। बाजार में जो खरीद हुई है वह भी मात्र रवि पुष्य के योग की शगुन खरीद रही है। देर शाम तक बाजार में पिछले वर्षों की अपेक्षा मात्र 10 फीसदी खरीद होने की स्थिति ही उभरकर सामने आ रही थी। बाजार के विश्लेषकों के अनुसार मात्र छूटपूट ग्राहकी रही है। ग्राहकों को सोना झचांदी के दाम में और अधिक गिरावट का अंदेशा होने से भी खरीद प्रभावित रही है। बडे शो रूमों पर शाम के दौरान अच्छी खरीद हुई है लेकिन पूर्व वर्षों की अपेक्षा वहां भी ग्राहकी कमजोर रही है। इधर व्यापारियों का यह भी कहना था कि पिछले कुछ समय से परचेसिंग पावर भी कमजोर हुई है। इधर बाजार के विश्लेषकों के अनुसार इरान युद्ध की स्थिति में अमेरिका अगर 4 नवंबर तक हमला नहीं करता है तो ऐसे में बाजार में एक बार फिर से प्रमुख धातुओं के दामों में स्थिरता बन सकती है और दामों में बढोतरी बन सकती है।

आवागमन में परेशानी से जुझे ग्राहक

इधर पुराने शहर के सराफा क्षेत्र में दुकानों के आसपास एवं मुख्य मार्ग पर रेहडी वालों के कारण ग्राहकों को आवागमन में समस्या का सामना करना पडा है तो छत्री चौक से कंठाल मार्ग पर भी सडक के बीच में एवं साईड में बैठकर व्यापार करने वालों के कारण व्यापार प्रभावित होता रहा है। दुकानदारों ने कहा कि सडक के बीच में रेहडी वालों को बैठाने से उनकी दुकान के सामने सडक के बीच में वाहनों की पार्किंग की जगह ही नहीं मिली जिससे ग्राहक आगे निकल गए। ग्राहकों का कहना था कि सडक के चौडीकरण किए जाने के बाद भी पैदल चलने में भी समस्या की स्थिति रही है। सडक के बीच में दो पहिया वाहन एवं आजू बाजू में ई-रिक्शा टैक्सी चलती रही जिससे आवागमन में समस्या रही है। शहीद पार्क रोटरी एवं टावर तक भी यही स्थिति बाजार में रही है। दो पहिया वाहनों के साथ ही सडक के बीच में रेहडी वालों के कारण पैदल चलने वाले ग्राहकों को परेशानी रही। ग्राहकों का कहना था कि सडक के बीच में दायरा तय कर दुकानदारों को बैठाया जाना था। इसके लिए लाईन खींचकर नगर निगम को व्यवस्था को नियंत्रित करना था। आगे पीछे बैठे दुकानदारों ने सडक के दोनों और गलियारा बनाकर रख दिया था।

जैन सोशल ग्रुप समन्वय ने धार्मिक स्थलों के 200 से अधिक सहायक कर्मियों को भेंट की 20-20 किलो की राशन किट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दीपावली के पावन अवसर पर दूसरों के जीवन में खुशियों का प्रकाश फैलाने के उद्देश्य से जैन सोशल ग्रुप समन्वय द्वारा सेवा एवं सत्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। लगातार दूसरे वर्ष आयोजित इस सेवा अभियान के तहत जैन मंदिरों, स्थानकों, भोजनशालाओं एवं उपाश्रयों में स्वच्छता, व्यवस्था और संचालन में अपनी सेवाएं देने वाले 200 से अधिक सहायक कर्मियों के परिवारों को 20-20 किलो की राशन किट प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन, अवंति पार्श्वनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक कोठारी, जैन सोशल ग्रुप सार्थक के संस्थापक अध्यक्ष अमित कावड़िया, अभ्युदयपुरम तीर्थ ट्रस्टी विजय सुराणा एवं जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन के डायरेक्टर जयंतीलाल फाफरिया उपस्थित रहे। अतिथियों ने संस्था की इस पहल को अनुकरणीय बताते हुए कहा कि समाज की वास्तविक उन्नति तभी संभव है, जब हम निरंतर समाज और धार्मिक स्थलों की सेवा में योगदान देने वाले लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनें। इस अवसर पर ओम जैन ने कहा कि सेवा और सहयोग की भावना समाज को मजबूत बनाती है तथा दीपावली पर जरूरतमंद परिवारों के साथ खुशियां बांटना समाज में संवेदनशीलता और परस्पर सहयोग को प्रोत्साहित करता है। अशोक कोठारी ने कहा कि धार्मिक स्थलों की व्यवस्था में लगे सहायक कर्मियों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है, उनका सम्मान करना और उनके परिवारों की आवश्यकताओं का ध्यान रखना हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है।

संस्कार भारती और शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मासिक संगोष्ठी कला विमर्श का हुआ आयोजन

वाद्य यंत्रों के संरक्षण पर हुआ मंथन, कला साधकों ने वाद्यों का वादन कर समझाया महत्व



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

संस्कार भारती महानगर उज्जैन मालवा प्रांत तथा शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय जीडीसी के संयुक्त तत्वावधान में मासिक कला संगोष्ठी कला विमर्श के अंतर्गत दुर्लभ वाद्य यंत्रों का संरक्षण विषय पर मंथन किया गया। संगोष्ठी में कला साधकों ने विभिन्न दुर्लभ वाद्य यंत्रों का वादन करते हुए उनके महत्व को रेखांकित किया और युवाओं को इनके संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ कला साधक अनूप बोरलिया ने दुर्लभ वाद्य यंत्र हुडका, डफली, मादल, बेमबू, रेसो-रेसो और ट्रिंगल का वादन करते हुए उनके महत्व को समझाया। नरेंद्र कुशवाहा ने नगाड़ा वाद्य यंत्र के विभिन्न स्वरूपों का प्रदर्शन करते हुए पत्थर की नगाड़ी, कांच का नगाड़ा, हाथीनाद एवं डमरू आदि वाद्य यंत्रों का वादन किया। इसी क्रम में कला साधक दिलीप फड़के ने दुर्लभ वाद्य यंत्र मोहन वीणा, एकतारा, मूर चंग और माउथ ऑर्गन का वादन कर उनके महत्व को रेखांकित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. प्रशांत पुराणिक ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विद्यार्थियों में भारतीय ज्ञान परंपरा को पोषित कर रही है। नीति के अनुसार विद्यार्थी को संगीत परंपरा का भी ज्ञान अनिवार्य रूप से प्राप्त करना चाहिए, ताकि वह भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को समझ सके। संगोष्ठी में विषय प्रवर्तन करते हुए संगीत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. वर्षा अग्रवाल ने दुर्लभ वाद्य यंत्रों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला और उनके संरक्षण हेतु युवाओं को प्रेरित किया।

वंदे मातरम गायन के साथ कार्यक्रम पूर्ण हुआ

संस्कार भारती के मीडिया प्रमुख जयंत तेलंग ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां शारदा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। संस्कार भारती के ध्येय गीत का गायन संगीत विधा प्रमुख अर्चना तिवारी ने किया। अतिथियों का स्वागत डॉ. सरिता यादव, जयंत तेलंग एवं डॉ. रवि पंडोले ने किया। कार्यक्रम का संचालन संस्कार भारती महानगर उज्जैन के महामंत्री दुगार्शंकर सूर्यवंशी ने किया तथा आभार डॉ. वर्षा अग्रवाल ने माना। अर्चना तिवारी के वंदे मातरम गायन के साथ कार्यक्रम पूर्ण हुआ। इस अवसर पर संस्कार भारती महानगर उज्जैन की अध्यक्ष माया बदेका, कोषाध्यक्ष जयंत तेलंग, सहकोष प्रमुख गोपाल महाकाल, माधव तिवारी, प्रांतीय अधिकारी संजय शर्मा, जीवन प्रकाश आर्य, डॉ. निखिल जोशी, शुभम शर्मा सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के प्राध्यापक, विद्यार्थीगण और कला प्रेमी उपस्थित रहे।

सिंधी कॉलोनी स्थित झूलेलाल गार्डन में हुआ आयोजन

संत कंवरराम के शहीदी दिवस पर समाजजनों ने दी श्रद्धांजलि

भजन-कीर्तन के बाद बांटा प्रसाद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंधी कॉलोनी स्थित झूलेलाल गार्डन में संत कंवरराम के शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें समाज के गणमान्य नागरिकों ने संत कंवरराम के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने संत कंवरराम के जीवन, उनके त्यागमय इतिहास और समाज सेवा के कार्यों पर प्रकाश डाला। उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि संत कंवरराम मानवता, परोपकार और प्रेम की मूरत थे। उनका पूरा जीवन दीन-दुखियों की सेवा और समाज सुधार के लिए समर्पित रहा। आज की युवा पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर उनके विचारों को आत्मसात करना चाहिए। सभी वक्ताओं ने संत कंवरराम के बलिदान को याद करते हुए समाज में एकता, भाईचारा और सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजने पर जोर दिया।

कार्यक्रम के अंत में संत कंवरराम की स्मृति में भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।



संयोजक शिव सीतलानी ने बताया कि आयोजन में महेश सीतलानी, राजकुमार परसवानी, चन्नीराम जेठवानी, मनोहर गोपलानी, चिमनदास लखानी, दीपक वाधवानी, दिलीप खानचंदानी, राजा भगवानी, रितेश लालवानी, भरत धरमदासानी, नरेश सीतलानी, चेतन गोस्वामी, धर्मेन्द्र लालवानी, दयाल नागदेवानी, मातृशक्ति कशिश सीतलानी, लता रोचवानी, वीना परसवानी, योगिता रोचवानी, अनीता गंगवानी एवं समाज के प्रमुख पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और शहर के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

100 निराश्रित बुजुर्गों को वितरित किया 10-10 किलो गेहूं

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर कैट और मंच पदाधिकारियों ने प्रदेश की खुशहाली के लिए रोपा बरगद का पौधा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

युवा मंच सत्संग समिति के तत्वावधान में प्रतिमाह की तरह एक नवंबर को भी नगर के 100 निराश्रित बुजुर्गों को प्रत्येक को 10 किलो गेहूं का वितरण किया गया। जीरो पॉइंट ब्रिज के पास हीरा मिल परिसर स्थित श्री हृदयेश्वर महादेव मंदिर के मंच कार्यालय पर नवंबर माह का यह अन्न सेवा कार्यक्रम संपन्न हुआ।

समाजसेवी अजीत मंगलम ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उज्जैन विकास प्राधिकरण के डायरेक्टर विजय अग्रवाल, कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी राजेश अग्रवाल, भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक संजय मेहता तथा गढ़कालिका माता मंदिर की महंत टीनानाथ उपस्थित थीं। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश की खुशहाली की कामना के साथ कैट की उज्जैन शाखा द्वारा प्रदेश के मुख्य वृक्ष बरगद का रोपण भी किया गया। पौधरोपण में कैट के संभागीय अध्यक्ष अवंतस जैन, संभागीय संगठन महामंत्री सुनील गुप्ता, जिला अध्यक्ष राकेश बजाज, जिला प्रभारी मनीष अग्रवाल, नगर अध्यक्ष सुभाष मित्तल व मंच के पदाधिकारियों ने अपनी सहभागिता निभाई।



इस माह के गेहूं वितरण में दानदाताओं ने आगे बढ़कर आर्थिक सहयोग प्रदान किया। इसमें रविंद्र पोरवाल ने 5500 रुपए, गढ़कालिका माता मंदिर के गादीपति आदित्यनाथ ने 5100 रुपए, मिलन होजियरी के संजय मेहता ने 5100 रुपए, सुश्री टिंकल पुष्पक ने 3000 रुपए, राजन गदिया ने 1100 रुपए, श्रीमती कमलेश शिरोलिया ने 1100 रुपए, श्रीमती कल्पना कतरे ने 1000 रुपए और लक्ष्मण पटेल ने 500 रुपए का नगद सहयोग दिया। इसी क्रम में वरिष्ठ समाजसेवी एवं महाकाल के अनन्य भक्त राजेश अग्रवाल द्वारा आगामी दिसंबर माह के वितरण हेतु 9 क्विंटल गेहूं का सहयोग प्रदान किया जाएगा।

शरद जोशी स्मृति समारोह में आज होगा व्यंग्य विधा पर मंथन

उज्जैन। मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के अंतर्गत साहित्य अकादमी एवं मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद की ओर से आज 2 नवम्बर को शाम 5.30 बजे शरद जोशी स्मृति समारोह का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय मार्ग स्थित कालिदास संस्कृत अकादमी के अभिरंग नाट्य गृह में होने वाले इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे होंगे। साहित्य अकादमी के अधिकारी राकेश सिंह और स्थानीय संयोजक मुकेश जोशी ने बताया कि समारोह में व्यंजना की सीमा लांघते व्यंग्य, विधा के क्षरण का मुख्य कारक विषय पर विचार-विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेन्नई के वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. बी.एल. आच्छा करेंगे, जबकि उज्जैन के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. पिलकेन्द्र अरोरा बीज वक्तव्य देंगे।

1000 से अधिक वृद्धजनों का चरण पूजन कर किया सम्मान

घर-घर सर्वे कर जरूरतमंद बुजुर्गों को वयोश्री योजना का लाभ दिलाने के दिए निर्देश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

वार्ड क्रमांक 39 के कंचनपुरा स्थित उद्यान में रविवार को भव्य वृद्धजन चरण पूजन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। क्षेत्रीय पार्षद एवं एमआईसी सदस्य जितेंद्र कुवाल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने पहली बार 1000 से अधिक वृद्धजनों का चरण पूजन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर सभी वृद्धजनों को शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई।

समारोह को संबोधित करते हुए निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने कहा कि केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण वयोश्री योजना के अंतर्गत वृद्धजनों को आवश्यक सहायक उपकरण प्रदान किए जा रहे हैं। अधिक से अधिक पात्र वृद्धजन इस योजना का लाभ लें। उन्होंने क्षेत्रीय पार्षद को वार्ड में घर-घर सर्वे करवाकर जरूरतमंद वृद्धजनों को चिह्नित करने और उन्हें आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए कहा। कलावती यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शासन की जनहितैषी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, यही हम सभी का उद्देश्य है। उन्होंने वृद्धजनों की सेवा और चरण पूजन के अवसर को सौभाग्य बताते हुए सभी से आशीर्वाद बनाए रखने का आग्रह किया और हृदय से आभार जताया।



कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी नारायण यादव, महामंत्री आनंद खींची, पूर्व महापौर मदनलाल ललावत, मंडल अध्यक्ष हरीश सोलंकी, उमेश सेंगर, मोनू यादव, प्रिंस लोदवाल, महिला मोर्चा नगर जिला अध्यक्ष नीना चौहान, सुनील गौठवाल, महेंद्र मरमट और मनोज मिश्रा सहित वार्ड के गणमान्य नागरिक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

निबंध प्रतियोगिता के विजेता सरदार वल्लभभाई पटेल अवार्ड से सम्मानित

मध्य प्रदेश के 71वें स्थापना दिवस पर प्रतिभागियों को दिया प्रोत्साहन पुरस्कार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश के 71वें स्थापना दिवस के अवसर पर सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा सेंट मदार कॉन्वेंट स्कूल में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉप टेन प्रतियोगियों को सरदार वल्लभभाई पटेल अवार्ड से सम्मानित किया गया, जबकि अन्य प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए।

सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद आबिद अली मीर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उज्जैन संभाग टेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष समीर उल हक थे। अतिथि के रूप में शिक्षाविद् रीना तिवारी तथा विशेष अतिथि के रूप में सैमुअल कॉन्वेंट स्कूल के डायरेक्टर इरफान मंसूरी, समाजसेवी सैयद उस्मान हसन, शिक्षाविद् सादिक मंसूरी और मध्य प्रदेश हज कमेटी के पूर्व सदस्य हाजी इकबाल हुसैन शामिल हुए। अतिथियों ने प्रतियोगियों को पुरस्कार वितरित किए। कार्यक्रम को शिक्षाविद् रीना तिवारी, इरफान मंसूरी, हाजी इकबाल हुसैन, समीर उल हक और समाजसेवी सैयद उस्मान हसन ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सेंट मदार कॉन्वेंट स्कूल की प्राचार्य दरक्षा खान ने कहा कि आज ही के दिन 1 नवंबर 1956 को मध्य प्रदेश की स्थापना हुई थी। मध्य प्रदेश को उन्नत बनाने और देश के अग्रणी राज्यों में सर्वश्रेष्ठ स्थान दिलाने के लिए प्रयासरत रहना हम सभी नागरिकों का नैतिक कर्तव्य है। कार्यक्रम संयोजक नासिर मंसूरी एवं उप संयोजक सोनू सिंह आनंद ने बताया कि प्रतियोगियों ने हमारा प्यारा मध्य प्रदेश, विज्ञान और पर्यावरण, शिक्षा हमारे लिए क्यों जरूरी है, स्वच्छ मध्य प्रदेश, भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन, फिलिस्तीन स्वतंत्रता आंदोलन और अफ्रीकी स्वतंत्रता आंदोलन विषयों पर निबंध लिखे।

अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष पंकज जायसवाल ने किया। इस अवसर पर सेंट मदार कॉन्वेंट स्कूल के अध्यक्ष शहजाद खान, मोहम्मद इमरान, अब्दुल खालिक, उस्मान मुल्तानी, शरीफ खान, अनुदीप गंगवार, मुश्ताक हुसैन कॉन्ट्रैक्टर, इरशाद कुरैशी, जाहिद नूर एडवोकेट, यूनुस शेख, नाजिया अहमद, शिरीन खान और अनीस अहमद आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन इकबाल उस्मानी ने किया।

उज्जैन
सोमवार
02
नवम्बर, 2026

दैनिक
ब्रह्मास्त्र

आत्मार्थं जीवलोकेऽस्मिन् को न जीवति मानवः।
परं परोपकारार्थं यो जीवति स जीवति॥

अर्थः इस जीवलोक में स्वयं के लिए कौन नहीं जीता परंतु, जो परोपकार के लिए जीता है, वही सच्चा जीना है।

खबर एक नजर...

डिवाइडर से टकराई पिकअप, खोपड़ी के हिस्से सड़क पर बिखरे

इंदौर। कनाड़िया इलाके में रविवार दोपहर तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। हादसे में ड्राइवर के सिर में गंभीर चोट आई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ड्राइवर की खोपड़ी के हिस्से सड़क पर बिखर गए। करीम खान और जेयू संस्था के सदस्यों ने इन हिस्सों को समेटा। सूचना मिलते ही कनाड़िया पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया। कनाड़िया पुलिस के अनुसार, हादसा रविवार दोपहर करीब 3:30 बजे सेवाकुंज अस्पताल के पास बायपास रोड पर हुआ। पिकअप वाहन में बड़ी मात्रा में बारदान भरा हुआ था। इसे सांवेर निवासी ललित पिता गोविंद डोमार चला रहा था। वह बारदान लेकर सांवेर जा रहा था। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार के कारण ड्राइवर वाहन से नियंत्रण खो बैठा और पिकअप सीधे डिवाइडर से टकरा गई। मोबाइल से हुई पहचान हादसे में ललित के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की जेब से मिले मोबाइल के जरिए परिजनों से संपर्क कर घटना की जानकारी दी। परिजनों ने बताया कि ललित अविवाहित था। उसके परिवार में माता-पिता और एक बड़ा भाई है। पुलिस के अनुसार, हादसा किन परिस्थितियों में हुआ और वाहन कहां से आ रहा था, इसकी विस्तृत जांच की जा रही है। कनाड़िया पुलिस ने बारदान से भरे दुर्घटनाग्रस्त पिकअप वाहन को जब्त कर लिया है।

इंदौर- वॉर्मअप के बाद खड़े-खड़े गिरा 10वीं का छात्र, मौत

इंदौर। अटल खेल परिसर में शनिवार शाम एक्सरसाइज करने पहुंचे 15 वर्षीय कनिष्क बोयत की अचानक तबीयत बिगड़ गई। वॉर्मअप शुरू करने के करीब 5 मिनट बाद वह खड़े-खड़े बेहोश होकर गिर पड़ा। बड़े भाई दिव्यांश और वहां मौजूद लोगों ने उसे उढफ दिया। इसके बाद वे कार से उसे लाइफ केयर हॉस्पिटल ले गए। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दिव्यांश ने बताया कि वे रोज की तरह शाम करीब 6 बजे कनिष्क और एक दोस्त के साथ स्कीम-78 स्थित अटल खेल परिसर पहुंचे थे। वॉर्मअप के दौरान कनिष्क अचानक गिर गया। गिरने से उसे चोट भी आई। उन्होंने तुरंत उसके जूते उतारे और उढफ देना शुरू किया। आसपास मौजूद खिलाड़ियों ने भी मदद की, लेकिन उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। परिवार उसे कार से अस्पताल ले गया। एम्बुलेंस नहीं बुलाई गई थी। दिव्यांश के मुताबिक, अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने कनिष्क को तुरंत आईसीयू में भर्ती किया। डॉक्टरों की टीम ने उसे बचाने की कोशिश की। कुछ देर बाद उन्होंने परिवार को बताया कि उसकी हालत बिगड़ने के कुछ ही सेकंड के भीतर मौत हो गई थी। परिजन के अनुसार, डॉक्टरों ने मौत की वजह हार्ट संबंधी समस्या बताई है।

इंदौर में यूपीएससी छात्रा ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

इंदौर। भंवरकुआं स्थित एक निजी हॉस्टल में रहने वाली 20 वर्षीय छात्रा की मौत हो गई। वह हॉस्टल के कमरे में फंदे पर लटकी मिली थी। परिजनों ने हॉस्टल संचालिका युवती और एक युवक पर उसे प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। परिवार रविवार को पोस्टमार्टम के लिए इंदौर पहुंचा। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल पुलिस परिजनों के आरोपों की जांच कर रही है। भंवरकुआं पुलिस के मुताबिक, मृतका की पहचान जूलिया (20) पुत्री शैलेंद्र उइके के रूप में हुई है। वह इंदौर के एक निजी हॉस्टल में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। शनिवार शाम वह अपने कमरे में फंदे पर लटकी मिली थी। इसके बाद हॉस्टल प्रबंधन के लोगों ने उसके परिवार को सूचना दी। जूलिया मूल रूप से सिवनी के पास लखनादौन की रहने वाली थी। जूलिया के पिता शैलेंद्र और मां ने आरोप लगाए हैं कि उनकी बेटी मई 2026 में पीसफुल हॉस्टल (देवेंद्र नगर) में रहने आई थी। यहां गर्ल्स हॉस्टल की जिम्मेदारी स्वाति और बॉयज हॉस्टल की जिम्मेदारी शुभम जायसवाल देखते थे। शुभम अक्सर स्वाति से बात करने गर्ल्स हॉस्टल आता था। इस पर जूलिया ने आपत्ति जताई थी, जिसके बाद उसकी स्वाति से बहस हुई थी।

चाचा-भतीजे का अपहरण कर खदान में बेरहमी से पीटा

इंदौर। खुड़ैल थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर बाइक सवार चाचा-भतीजे को आधा दर्जन बदमाशों ने रास्ते में रोककर जबरन अगवा कर लिया। आरोपी दोनों को नीलगिरी परिसर स्थित खदान पर ले गए और रितिक यादव के बारे में पूछताछ करते हुए डंडों से जमकर मारपीट की। राहगीरों के बीच-बचाव करने पर आरोपी मौके से भाग निकले। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों और उनके साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, फरियादी रितिक सिंह उर्फ रुद्रसिंह निवासी ग्राम बिहाड़िया अपने भतीजे अभिषेक पटेल के साथ बाइक से सनन चाय कंपनी जा रहे थे। शनिवार दोपहर शिवाजी राव कदम कॉलेज, तिल्लोरखुर्द के पास दो बाइकों पर सवार होकर आए कुणाल उर्फ टीटू गुर्जर, अनुज गुर्जर (दोनों निवासी ग्राम दूधिया), रोहित चौधरी निवासी तिल्लोर बामन टेकरी और उनके अन्य साथियों ने उन्हें रोक लिया।

इंदौर में पुष्य नक्षत्र के संयोग पर रविवार को राजबाड़ा, सराफा और आसपास के बाजारों में जमकर रौनक रही

देर शाम तक खरीदारी, व्यापारियों ने दिए नए बही-खातों के ऑर्डर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



इंदौर में पुष्य नक्षत्र के संयोग पर रविवार को राजबाड़ा, सराफा और आसपास के बाजारों में जमकर रौनक रही। दीपावली से पहले आखिरी रविवार और अवकाश होने के कारण शाम को बाजारों में ग्राहकों की भीड़ बढ़ गई। कपड़े, बर्तन, सजावटी सामान, पूजा सामग्री, सोना-चांदी और रोजमर्रा की छोटी-बड़ी चीजों की खरीदारी होती रही। बाजारों में परिवारों के साथ पहुंचे लोगों के कारण देर शाम तक चहल-पहल बनी रही।

इस बार पुष्य नक्षत्र पर खरीदारी के साथ व्यापारियों के बीच एक पुरानी परंपरा भी चर्चा में रही। कई कारोबारी नए बही-खाते खरीदने और उनका ऑर्डर देने पहुंचे।

मान्यता है कि पुष्य नक्षत्र पर नए बही-खाते घर या दुकान में लाना शुभ होता है। इनकी विधि-विधान से पूजा दीपावली पर की जाती है। हालांकि, नए खातों में काम शुरू करने का समय व्यापारियों की अपनी परंपरा के अनुसार अलग-अलग होता है।

70-80 साल से देख रहे बही-खाते खरीदने की परंपरा- सराफा कारोबारी अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि पुष्य नक्षत्र पर नए बही-खाते खरीदने की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है। वे खुद पिछले 70-80 साल से इस परंपरा को देखते आ रहे हैं। मान्यता के अनुसार, इस दिन नए खाते खरीदकर घर या दुकान में लाए जाते हैं, जबकि दीपावली पर उनकी पूजा होती है।

उन्होंने बताया कि दीपावली के अगले दिन अवकाश रहता है और उसके तीसरे दिन से नए बही-खातों में व्यापार का हिसाब-किताब लिखना शुरू किया जाता है। पुराने बही-खातों को भी कम से कम तीन से पांच साल तक संभालकर रखा जाता है, ताकि पुराने लेन-देन की जरूरत पड़ने पर जांच की जा सके

50% से ज्यादा दुकानदार आज भी निभा रहे परंपरा- अविनाश शास्त्री, सराफा एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्य ने बताया कि दीपावली के बाद नए बही-खाते शुरू करने की परंपरा बहुत पुरानी है। पहले गोवर्धन पूजा या दीपावली पड़वा को वर्ष का पहला दिन मानकर नए खातों की शुरूआत की जाती थी। जिस तरह अप्रैल से नया वित्तीय वर्ष शुरू होता है, उसी तरह व्यापारी परंपरागत रूप से दीपावली के बाद नए बही-खाते शुरू करते आए हैं। उन्होंने बताया कि आज भी 50% से अधिक दुकानदार इस परंपरा का पालन करते हैं। नई तकनीक और डिजिटल हिसाब-किताब के दौर में भी व्यापारी शुभ मुहूर्त और परंपरा के महत्व को बनाए हुए हैं।

100 साल पुरानी दुकान में आज भी संभालकर रखते हैं 15 साल पुराने खाते

प्रेम नीमा ने बताया कि पुष्य नक्षत्र पर नए बही-खाते खरीदने के बजाय उनका ऑर्डर दिया जाता है। धनतेरस के शुभ मुहूर्त में इन्हें दुकान पर मंगवाया जाता है। दीपावली पर पंडित से विधि-विधान के साथ पूजा कराई जाती है। कुमकुम और चावल से तिलक कर भगवान का आशीर्वाद लिया जाता है। उन्होंने बताया कि उनकी दुकान करीब 100 साल पुरानी है और यहां बही-खातों की परंपरा आज भी जारी है। हालांकि, नए खाते दुकान पर दीपावली से ही रख दिए जाते हैं, लेकिन उनमें नियमित हिसाब-किताब 1 अप्रैल से शुरू किया जाता है।

गिरवी रखे गहनों का रिकॉर्ड भी पुराने खातों में

नीमा ने बताया कि डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल बढ़ा है, लेकिन बही-खातों की जरूरत अब भी बनी हुई है। खासकर सोना-चांदी गिरवी रखने वाले ग्राहकों का पूरा विवरण और लेन-देन का रिकॉर्ड इनमें दर्ज किया जाता है। कई बार ग्राहक 10-12 साल बाद अपना गिरवी रखा सामान लेने आते हैं। ऐसे में पुराने खाते देखकर उनका रिकॉर्ड निकाला जाता है और हिसाब के अनुसार सामान या रकम लौटाई जाती है। उन्होंने बताया कि सरकारी नियमों के तहत सामान्य रिकॉर्ड तीन साल तक रखने की जरूरत होती है, लेकिन उनकी दुकान पर 10, 12 और 15 साल पुराने बही-खाते भी संभालकर रखे जाते हैं।

टीही-धार के बीच आज ट्रायल, 25 हजार वोल्ट की बिजली लाइन चार्ज करने की तैयारी

इंदौर-दाहोद रेल लाइन पर 130 की स्पीड से दौड़ेगा इलेक्ट्रिक-इंजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन प्रोजेक्ट के तहत टीही से धार के बीच तैयार रेलखंड पर 2 नवंबर को इलेक्ट्रिक इंजन का स्पीड ट्रायल किया जाएगा। इस दौरान इंजन को अधिकतम 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ाकर रेलवे ट्रैक और विद्युतीकरण व्यवस्था की जांच की जाएगी।

पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि इस रेलखंड पर बिजली संबंधी का काम पूरा हो चुका है। इसे 25 हजार वोल्ट की ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन को चार्ज करने की तैयारी है। इसके बाद सोमवार को निर्माण विभाग की ओर से सीआरएस निरीक्षण से पहले स्पीड ट्रायल किया जाएगा।

चार चरणों में होगी इंजन की गति की जांच- ट्रायल के दौरान टीही से धार और धार से टीही के बीच अलग-अलग गति से इलेक्ट्रिक इंजन चलाया जाएगा। पहले चरण में टीही से धार के बीच 30 और धार से टीही के बीच 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से परीक्षण होगा।

इसके बाद टीही से धार के बीच 110 और धार से टीही के बीच अधिकतम 130 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से इंजन चलाया जाएगा। इस परीक्षण के जरिए नए विद्युतीकृत रेलखंड की प्रोजेक्ट क्षमता की जांच की जाएगी। इसके बाद रेलखंड पर सीआरएस निरीक्षण की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

25 हजार वोल्ट की लाइन से भी खतरा- रेलखंड पर विद्युतीकरण के बाद ओवरहेड तारों में 25 हजार वोल्ट की बिजली प्रवाहित की जाएगी। रेलवे ने लोगों को बिजली के तारों, खंभों और अन्य उपकरणों से दूर रहने की हिदायत दी है। ट्रैक के आसपास डंडा, पाइप या तार जैसी वस्तुएं लेकर भी न जाएं। रेलवे ने कहा है कि सुरक्षा नियमों का पालन कर किसी संभावित दुर्घटना से बचा जा सकता है।

ट्रैक के आसपास न जाएं, मवेशियों को भी रखें दूर

स्पीड ट्रायल को देखते हुए रेलवे ने टीही-धार रेलखंड के आसपास रहने वाले ग्रामीणों, किसानों और पशुपालकों से सतर्क रहने की अपील की है। रेलवे ने कहा है कि परीक्षण के दौरान ट्रैक पर पैदल न चलें, न बैठें और न ही फोटो या वीडियो बनाने के लिए पटरियों के पास जाएं। मवेशियों को भी रेल लाइन के आसपास न छोड़ें। रेलवे के मुताबिक, ट्रेन की वास्तविक गति का अंदाजा दूर से देखकर लगाना मुश्किल होता है। इसलिए ट्रेन को देखकर ट्रैक पार करने या उसके पास से निकलने की कोशिश करना खतरनाक हो सकता है।

धोखाधड़ी का मामला

बिक चुके प्लॉट की फर्जी रजिस्ट्री कर 60 लाख का लोन लिया, दंपती पर केस दर्ज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

पहले से बिके हुए प्लॉट की फर्जी दस्तावेजों पर रजिस्ट्री करवाकर 60 लाख का लोन लेने वाले दंपती के खिलाफ क्राइम ब्रांच ने धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोप है कि दंपती फर्जी रजिस्ट्रियां करवाने और नकली आधार कार्ड बनाने वाले एक बड़े संगठित गिरोह से जुड़े हैं।

इन्होंने शहर में कई लोगों से फर्जी दस्तावेजों पर कई तरह के सौदे और एग्रीमेंट कर धोखाधड़ी कर रखी हैं। आधा दर्जन से ज्यादा शिकायतें क्राइम ब्रांच व शहर के कई थानों पर लंबित हैं। आरोपी अभी फरार हैं। डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया सोलफुल निधि लिमिटेड के संचालक शरद कुमार पोरवाल ने शिकायत की थी। 21 दिसंबर 2023 को आरोपी हकीमुद्दीन सैफी व उसकी पत्नी फातिमा सैफी निवासी क्रिस्टल अपार्टमेंट, बिजलपुर ने उनकी संस्था से 60 लाख का लोन लिया था। लोन के एवज में आरोपियों ने बिजलपुर स्थित प्लॉट नंबर 461, मस्किन-ए-सैफिया से संबंधित संपत्ति के दस्तावेज बतौर सुरक्षा संस्था के पास जमा कराए थे, जो फर्जी निकले। दंपती के खिलाफ करीब आधा दर्जन फजीर्वाड़े की शिकायतें पता चली हैं। दस्तावेज जांचे तो खुला फजीर्वाड़ा शिकायतकर्ता पोरवाल ने बताया आरोपियों द्वारा लिए गए लोन की राशि समय पर भुगतान न करने पर संस्था द्वारा संपत्ति के दस्तावेजों का सत्यापन कराया गया। इसमें पता चला कि संबंधित प्लॉट को हकीमुद्दीन सैफी द्वारा 5 दिसंबर 2023 को ही हुसैना रस्सीवाला एवं जहरा रस्सीवाला को बेचा जा चुका है। आरोपियों से लोन की राशि वापस मांगी गई झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दी।

रहवासियों ने फुटेज के साथ कंट्रोल रूम में की शिकायत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

तिलक नगर थाने की एफआरवी (डायल-112) के पुलिसकर्मी ही बदमाश के साथ शराब पीते मिले। शनिवार देर रात करीब 12 से 1 बजे के बीच एफआरवी के पुलिसकर्मी गश्त छोड़कर थाना क्षेत्र से करीब 6 किमी दूर खुड़ैल थाना क्षेत्र के ग्राम बिहाड़िया पहुंच गए। यहां ताज कॉलोनी के रहवासी इलाके के खुले मैदान में जेल से छूटकर आए एक बदमाश के साथ शराब पीने का आरोप है। रहवासियों ने इसका वीडियो बनाया। बाद में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस कंट्रोल रूम में शिकायत की। मामला तिलक नगर टीआई मनीष लोधा तक पहुंचा तो उन्होंने एएसआई श्रीराम परमार, हेड कांस्टेबल विनोद सक्सेना और एफआरवी पायलट के खिलाफ रोजनामचे में रिपोर्ट दर्ज कर जांच के आदेश दिए। रहवासियों ने बताया, वाहन चोरों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी लगाए गए हैं। इन्हीं कैमरों में पुलिस की एफआरवी और बदमाश के साथ पुलिसकर्मियों की गतिविधियां कैद हो गईं।

पीछे लगी स्टाइलिश स्टेपनी बनी बड़ा सुराग, इंदौर में पहले भी दो वारदात कर चुका

पर्स चुराने वाला ऑटो चालक 12 दिन बाद पकड़ाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

तिलक नगर थाना क्षेत्र में महिला का जेवरों और नकदी से भरा पर्स चुराने वाला ऑटो चालक 12 दिन बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा। आरोपी ने मदद के बहाने महिला की बेटी का बैग अपने पास रखवाया और उसमें से जेवरों से भरा छोटा पर्स चुरा लिया था।

ऑटो का नंबर नहीं होने से पुलिस को उसकी तलाश में परेशानी हो रही थी। इस बीच पीड़िता ने ऑटो के पीछे लगी स्टाइलिश स्टेपनी की जानकारी दी। यही पहचान पुलिस के लिए बड़ा सुराग बनी और आरोपी तक पहुंचने में मदद मिली। आरोपी पहले भी इसी तरह की दो वारदात कर चुका है।

टीआई मनीष लोधा ने बताया कि ममता राठौर निवासी व्यास किराना के सामने ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी संध्या देवास में जनरल स्टोर चलाती है। 21 अक्टूबर की शाम वे बेटी के साथ देवगुराड़िया जा रही थीं। पिपल्याहाना के पास उन्होंने एक ऑटो रोका। चालक ने कहा कि उसकी ऑनलाइन बुकिंग है और दूसरी सवारी आने वाली है। साथ चलना है तो आगे बैठना पड़ेगा। संध्या के पास एक हैंडबैग था, जिसमें तीन छोटे पर्स रखे थे। ऑटो चालक ने मदद के बहाने बैग लेकर अपने पास पैर की तरफ रख लिया। कुछ दूर जाने के बाद मां-बेटी ऑटो से उतर गईं और दूसरे ऑटो से देवगुराड़िया पहुंचीं। वहां संध्या ने बैग देखा तो एक पर्स गायब था। उसमें सोने का मंगलसूत्र, चेन, नाक की नथ, पेंडल और चांदी की चेन रखी थी।

पुलिस ने ऑटो की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किए। इस दौरान पीड़िता ने बताया कि ऑटो के पीछे स्टाइलिश स्टेपनी लगी थी, जो सामान्य ऑटो में नहीं होती। ऑटो का नंबर नहीं होने के कारण पुलिस ने इसी पहचान को आधार बनाया। फुटेज में ऐसी स्टेपनी वाला ऑटो दिखाई दिया। पुलिस ने दूसरे ऑटो चालकों को फुटेज दिखाए तो पता चला कि ऐसा ऑटो सोनू पुत्र बालकिशन लोगारे निवासी गोमा की फेल के पास है।

पुलिस सोनू तक पहुंची तो उसने पहले वारदात से इनकार किया। इसके बाद उसका फोटो पीड़िता को दिखाया गया। संध्या ने उसे ऑटो चालक के रूप में पहचान लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी किए गए जेवर बरामद कर लिए। पुलिस के मुताबिक, सोनू पहले भी इसी तरह की दो वारदात कर चुका है। उसने पीथमपुर और सराफा क्षेत्र में भी महिलाओं को निशाना बनाया था। इन मामलों में वह जेल भी जा चुका है।

स्थापना के 101वें वर्ष की रूपरेखा: चरैवेति-चरैवेति मंत्र के साथ अब समाज में पूर्ण विलय का लक्ष्य

इंदौर-उज्जैन संभाग के हर गांव तक संघ कार्य का विस्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपनी स्थापना के 101वें वर्ष में प्रवेश के साथ ही अगली शताब्दी की नई रणनीति और संगठनात्मक बदलावों का खाका तैयार कर रहा है। मालवा प्रांत का यह सौभाग्य रहा है कि इसने शताब्दी वर्ष का जयघोष किया और अब संघ के नए युग की शुरूआत का साक्षी भी यही माटी बन रही है। सोमवार से इंदौर में शुरू हो रही अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की तीन दिवसीय बैठक इस मायने में बेहद खास है।

वर्ष 1929 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा इंदौर में बोया गया संघ-बीज आज वटवृक्ष बन चुका है। इंदौर-उज्जैन संभाग के लगभग हर गांव तक संघ की पहुंच बन चुकी है। शाखाओं, एकल विद्यालयों और संस्कार केंद्रों के माध्यम से गांव-गांव तक पहुंचे कार्यकर्ता अब समाज में संघ के पूर्ण विलय के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

इंदौर में संघ की शुरूआत का इतिहास बेहद अनूठा रहा है। डॉ. हेडगेवार अपनी चाची के इलाज के सिलसिले में देवास आते थे, इसी दौरान वे इंदौर के प्रबुद्ध नागरिकों से मिले और संघ की नींव रखी। शहर के पहले संघचालक भाई कोतवाल मूलतः कांग्रेस कार्यकर्ता थे।

उनके बाद दायित्व संभालने वाले तात्या साहब भी कांग्रेस पृष्ठभूमि से ही आए थे। फिर न्यायमूर्ति रेगे और बैरिस्टर गंधे जैसे गणमान्य लोग इस विचार से जुड़े, जिससे संघ का प्रभाव बढ़ता गया। शुरूआती दौर में रामबाग संघ गतिविधियों का मुख्य केंद्र बना।

ऐतिहासिक प्रसंग : आपका पितृवत स्नेह बना रहे द्वितीय सरसंघचालक गुरुजी (माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर) की प्रारंभिक शिक्षा खंडवा में हुई थी और इंदौर से उनका विशेष लगाव था। कृष्णकुमार अष्ठाना की पुस्तक मध्यभारत में गुरुजी के अनुसार, एक प्रवास के दौरान प्रसिद्ध उद्योगपति सेठ हुकमचंद गुरुजी से मिलने पहुंचे। बातचीत के दौरान उन्होंने संघ को आर्थिक सहायता देने की इच्छा जताई। इस पर गुरुजी ने सहज भाव से कहा- आपका पितृवत स्नेह बना रहे, यही पर्याप्त है। यह सुनकर सेठ हुकमचंद बोले- आपने तो एक ही वाक्य में सब कुछ मांग लिया।

2015 महेश्वर में मां नर्मदा हिंदू संगम

प्रांत प्रचारकों की मजबूत परंपरा 1942 में प्रभाकर बलवंत दाणी (भैयाजी दाणी) पहले प्रांत प्रचारक बनकर इंदौर आए थे। इसके बाद मोरोपंत पिंगले, प्रहलाद सहस्त्रबुद्धे, राजाभाऊ प्रातुरकर, केशवराव गोरे, केएस सुदर्शन, बाबा साहब नातू, शरदचंद्र मेहरोत्रा, सुरेश सोनी आदि ने प्रांत प्रचारक के रूप में कमान संभाली। 2009 में पृथक मालवा प्रांत बनने के बाद पराग अभ्यंकर, श्रीकांत, बलिराम पटेल और राजमोहन ने इस दायित्व का निर्वहन किया। 42 से अधिक प्रचारकों की पौध इंदौर ने संघ को 42 से ज्यादा प्रचारक दिए। नाना केलकर ने सरकारी नौकरी छोड़कर प्रचारक जीवन चुना था। मनोहरराव मोघे, विष्णुपंत खांबेटे, बापूराव सरदेसाई, जुगलकिशोर परमार और प्यारेलाल खंडेलवाल जैसे प्रमुख नाम इंदौर की ही देन हैं।

खबर एक नजर...

18 दिन में तीसरी बार... आईएसबीटी से 3.45 करोड़ की ड्रग्स पकड़ाई, पुलिस बेखबर

भोपाल। भोपाल का आईएसबीटी दिल्ली से दक्षिण भारत की तरफ जाने वाले नार्को सिंडिकेट्स का सबसे मुफीद अड्डा बन चुका है। डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) ने रविवार तड़के दिल्ली से आई बस से उतरे दो तस्करों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 4.321 किग्रा हाई-ग्रेड मेथामफेटामाइन जब्त की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय अवैध बाजार में कीमत करीब 3.45 करोड़ रुपए है। 18 दिन में आईएसबीटी पर डीआरआई की यह तीसरी बड़ी कार्रवाई है। इससे पहले 14 और 20 अक्टूबर को भी इसी बस स्टैंड पर करोड़ों की ड्रग्स पकड़ी गई थी। इन 18 दिनों में दिल्ली रूट की बसों से 13.46 किग्रा से ज्यादा सिंथेटिक ड्रग्स जब्त हुई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय अवैध बाजार में कुल कीमत 12.85 करोड़ रुपए है। डीआरआई को इनपुट मिला कि दिल्ली से भोपाल आ रही बस में दो तस्कर मादक पदार्थ लेकर आ रहे हैं। रविवार तड़के बस के आईएसबीटी पहुंचते ही डीआरआई अफसरों ने दोनों को घेर लिया। तलाशी और सामान की जांच में 10 पैकेट मिले। एनडीपीएस फील्ड टेस्ट किट से जांच में हाई-ग्रेड मेथामफेटामाइन होने की पुष्टि हुई। दोनों को एनडीपीएस एक्ट, 1985 की धाराओं में गिरफ्तार किया गया।

1 साथ तीन काम... ईवी मशीनें सड़कों की सफाई, धुलाई और फॉगिंग करेंगी, खर्च आधा

भोपाल। शहर की हवा को प्रदूषित करने में सड़क की धूल की करीब 40% हिस्सेदारी है। इसी प्रदूषण को घटाने के लिए नगर निगम नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (एनसीएपी) के तहत 20 इलेक्ट्रिक रोड स्वीपिंग मशीनें ला रहा है। इनकी खासियत है कि ये एक साथ तीन काम करेंगी। पहले कचरा-मिट्टी उठाएंगी, सड़क धोएंगी और फिर फॉगिंग से धूल रोकेंगी। फिलहाल 8 मशीनें आ चुकी हैं। इनमें से 4 का ट्रायल और 4 की बैटरी व तकनीकी जांच जारी है। मशीनें वायबिलिटी गैप फंडिंग मॉडल के टेंडर से आ रही हैं। निगम को इनके संचालन और मेंटेनेंस खर्च में 50% से ज्यादा बचत की उम्मीद है। परिवहन शाखा प्रभारी विजय गोयल के मुताबिक, मशीनें 6-7 फीट संकरी गलियों में भी सफाई करेंगी। 6 घंटे में 35 किमी तक सफाईः इस ईवी मशीन की क्षमता 2 क्यूबिक मीटर है। यह 6-7 फीट संकरी गलियों में भी चलेगी। लिथियम बैटरी से मशीन 6 घंटे में 30 से 35 किमी तक सफाई करेगी। दो घंटे में फास्ट चार्ज होगी। कॉलोनियां और सर्विस रोड भी साफ होंगी।

'बड़ा तालाब रामसर साइट है पर वेटलैंड के रूप में दर्ज नहीं

भोपाल। बड़े तालाब को रामसर साइट का दर्जा है, लेकिन वेटलैंड संरक्षण नियम-2017 के तहत अब तक इसे अधिसूचित नहीं किया गया है। प्रदेश के दूसरे जल निकायों की भी यही स्थिति है। अब नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने मप्र, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिवों को 3 माह में वेटलैंड की ड्राफ्ट अधिसूचना तैयार कर प्रगति रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। 29 अक्टूबर की सुनवाई में एनजीटी ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। इसके तहत 2.25 हेक्टेयर से बड़े जल निकायों को भी अधिसूचना की प्रक्रिया में शामिल किया जाना है। भोपाल जिले में करीब 150 और प्रदेश में 3000 से ज्यादा जल निकाय हैं। एनजीटी में पेश रिपोर्ट के मुताबिक, कलियासोत और केरवा जलाशयों का तकनीकी सर्वे पूरा हो चुका है।

तांत्रिक का साथी गिरफ्तार, आधा किलो चांदी बरामद

भोपाल। बेटे की वापसी, गृहशांति और रकम दोगुनी करने का झांसा देकर राजेश्वरी शर्मा से करीब एक करोड़ रुपए की ठगी के मामले में कथित तांत्रिक मुकेश अब तक फरार है। क्राइम ब्रांच ने उसके साथी सचिन चौधरी को गिरफ्तार कर आधा किलो चांदी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक, पुरुषोत्तम शर्मा की शिकायत पर जांच में सामने आया कि आशा यादव और उसके भाई मुकेश ने राजेश्वरी को तंत्र-मंत्र का भरोसा दिलाया था। पिछले साल मई से इस साल सितंबर तक आरोपियों ने 7.16 लाख रुपए बैंक खाते में जमा कराए। इसके अलावा 12.54 लाख रुपए नकद, 625 ग्राम सोना और 500 ग्राम चांदी के जेवर लिए। पुलिस ने आशा, उसके पति हरीश कुमार और परिचित श्याम को गिरफ्तार किया था। आशा की निशानदेही पर 11 ग्राम सोना मिला। जांच में सोने के जेवर कैपरी बैंक, आईआईएफएल और मुथूट गोल्ड लोन में गिरवी रखने का पता चला। पुलिस अब मुकेश की तलाश कर रही है।

नहरों की सफाई किए बिना पानी छोड़ने की तैयारी, रबी की बोवनी पर संकट

सुल्तानपुर। कम बारिश से पानी की कमी झेल रहे किसानों की परेशानी अब सिंचाई विभाग की लापरवाही से बढ़ती दिख रही है। धान की फसल में नुकसान के बाद किसानों की उम्मीद रबी की फसल पर टिकी है। खेतों में पलेवा के लिए नहरों से पानी का इंतजार है। सिंचाई विभाग ने अब तक नहरों की सफाई नहीं कराई है। विभाग नहरों में पानी छोड़ने की तैयारी कर रहा है। किसानों को आशंका है कि खरपतवार और गंदगी से भरी नहरों में पानी छोड़ा गया तो वह खेतों तक नहीं पहुंचेगा। रास्ते में ही बहकर बर्बाद हो जाएगा।

मध्यप्रदेश में 5 नवंबर तक आंधी-बारिश; शहडोल-नर्मदापुरम में भी असर रहेगा

तूफान 'मुरासु' से भीगेंगे जबलपुर, इंदौर-रीवा संभाग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

'अर्नब' तूफान से मध्य प्रदेश में दिन में ठंडक बढ़ गई है। 4 दिन के अंदर ही अधिकतम तापमान में 7 से 8 डिग्री तक की गिरावट आई है। रात के तापमान में भी गिरावट होने लगी है।

मौसम केंद्र के मुताबिक, नए तूफान 'मुरासु' की वजह से 5 नवंबर तक प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर बना रहेगा। सोमवार को जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, कटनी, उमरिया, अनूपपुर, शहडोल, मैहर, सीधी और सिंगरौली में तेज आंधी चलने और बारिश होने की चेतावनी जारी की गई है। इससे पहले रविवार को सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडौरी, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, मैहर और पांढुर्णा में कहीं-कहीं गरज-चमक व बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग के अनुसार, नए तूफान का असर प्रदेश के जबलपुर, रीवा, शहडोल, नर्मदापुरम और इंदौर संभाग के जिलों में रहेगा। भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग में बादल रहेंगे। कहीं-कहीं बूंदाबांदी भी हो सकती है। पिछले 48 घंटे के दौरान चंबल, रीवा, शहडोल और सागर संभाग में अधिकतम तापमान 5.3 डिग्री से 7.7 डिग्री तक की गिरावट रिकॉर्ड की गई। भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर संभाग में 4.9 डिग्री तक पारा लुढ़क गया।



नवंबर में कैसा रहेगा मौसम

मौसम विभाग के अनुसार, नवंबर के दूसरे सप्ताह से ठंड का असर और बढ़ेगा। खासकर ग्वालियर-चंबल संभाग के जिलों में, जहां उत्तरी हवाएं सीधी आती हैं, वहां पारा लुढ़केगा। ग्वालियर में 57 साल पहले नवंबर में रात का टेम्प्रेचर रिकॉर्ड 3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। उज्जैन में 53 साल पहले न्यूनतम पारा रिकॉर्ड 2.3 डिग्री तक जा चुका है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर में इस महीने बारिश का ट्रेंड है। इस बार नवंबर के शुरूआत में ही बारिश का अलर्ट है। तीसरे और चौथे सप्ताह में सिस्टम एक्टिव होने से भी बारिश हो सकती है।

भोपालः 10 साल में 3 बार बारिश हो चुकी

नवंबर में राजधानी में रात का तापमान 9 से 12 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाता है। पिछले 10 साल से ऐसा ही ट्रेंड रहा है। इस बार भी दूसरे सप्ताह से पारा तेजी से लुढ़केगा। मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल में नवंबर में रात का तापमान 6.1 डिग्री तक पहुंच चुका है। यह 30 नवंबर 1941 को दर्ज किया गया था। इस महीने बारिश होने का ट्रेंड भी है। 10 साल में तीन बार बारिश हो चुकी है। साल 1936 में महीने में साढ़े 5 इंच से ज्यादा पानी गिर चुका है।

जबलपुर में भाजपा की लोकतंत्र बचाओ रैली आज

केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, सीएम और प्रदेशाध्यक्ष होंगे शामिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

जबलपुर में भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा निकाली जाएगी। इसमें सोमवार को केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित कई मंत्री और वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर पुलिस और प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। पदयात्रा दोपहर 3 बजे शुरू होगी। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल सोमवार सुबह करीब 7:30 बजे दिल्ली एयरपोर्ट से जबलपुर के लिए रवाना होंगे। वे सुबह 9:20 बजे जबलपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद दोपहर 2:30 बजे तीन पत्ती चौक स्थित 'लोकतंत्र बचाओ, आपातकाल हटाओ' प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे और विभिन्न बैठकों में शामिल होंगे। दोपहर 3 बजे वे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के साथ पदयात्रा में शामिल होंगे। जानकारी के मुताबिक, भाजपा की पदयात्रा गोल बाजार क्षेत्र से शुरू होकर मालवीय चौक, गंजीपुरा और कमानिया होते हुए वापस गोल बाजार पहुंचेगी। इसमें केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री और भाजपा के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

भाजपा नेताओं का कहना है कि इस पदयात्रा के जरिए जबलपुर से संदेश दिया जाएगा कि देश में अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेतृत्व में देश में अराजकता फैलाई जा रही है। संवैधानिक संस्थाओं का मजाक बनाने वाली ताकतों को जवाब दिया जाएगा।

हरदीप पुरी के सामने चुनाव लड़ने विधायक खोज रहे सायन्ना

5 लोकसभा, 8 विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं हैदराबाद के कांते, भोपाल आकर लिया नामांकन फॉर्म

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश में राज्यसभा की एक सीट के उपचुनाव में भाजपा के उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के अलावा तेलंगाना के एक ऐसे शख्स ने भी दावेदारी की तैयारी की है, जो 50 से ज्यादा चुनाव लड़ चुका है। नाम है कांते सयन्ना। लोकसभा, विधानसभा, विधान परिषद से लेकर राज्यसभा और उपराष्ट्रपति पद तक के चुनाव में किस्मत आजमा चुके सयन्ना अब मध्यप्रदेश से राज्यसभा पहुंचना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने विधानसभा से नामांकन फॉर्म लिया है। हालांकि, निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने के लिए जरूरी 10 विधायकों के प्रस्तावकों के हस्ताक्षर जुटाना उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती है। तेलंगाना के हैदराबाद से भोपाल पहुंचे सयन्ना ने बातचीत में बताया कि वे अब तक पांच बार लोकसभा, आठ बार विधानसभा और छह बार विधान परिषद का चुनाव लड़ चुके हैं। इसके अलावा 10 से 12 बार राज्यसभा के लिए भी प्रयास कर चुके हैं। उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में भी अपनी दावेदारी पेश कर चुके हैं। उनका कहना है कि वे किसी एक राजनीतिक दल से बंधे नहीं हैं और चुनाव लड़ने का खर्च खुद उठाते हैं।



2018 में केसीआर के खिलाफ चुनाव लड़ने का दावा

सयन्ना ने 2018 के तेलंगाना विधानसभा चुनाव का भी जिक्र किया। उनका दावा है कि उस चुनाव में वे तीसरे स्थान पर रहे थे। उनके मुताबिक, केसीआर पहले और वंटेरू प्रताप रेड्डी दूसरे स्थान पर थे। उन्होंने बताया कि वे अलग-अलग राज्यों में लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। उनका चुनाव प्रचार भी अपने स्तर पर होता है। सयन्ना का कहना है कि देश की राजनीतिक व्यवस्था में बदलाव की जरूरत है। अभी राजनीतिक दलों के बी-फॉर्म और पार्टी व्यवस्था का प्रभाव ज्यादा है, जबकि लोकतंत्र में जनता का वोट सबसे महत्वपूर्ण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि देश में पार्टी पर निर्भर राजनीतिक व्यवस्था के बजाय स्वतंत्र राजनीतिक व्यवस्था विकसित हो।

पहले भी प्रस्तावकों के हस्ताक्षर नहीं मिलने से अटकी थी उम्मीदवारी

सयन्ना ने बताया कि राज्यसभा चुनाव के लिए वे अपने दस्तावेज और शपथ-पत्र लेकर आए हैं। नामांकन के लिए 10 प्रस्तावकों के हस्ताक्षर जरूरी हैं। उनका आरोप है कि मध्यप्रदेश में कुछ विधायक हस्ताक्षर करने के लिए तैयार नहीं हो रहे हैं। पार्टी नेताओं को डर है कि उनके हस्ताक्षर करने से राजनीतिक मुश्किल खड़ी हो सकती है। कुछ विधायकों ने समर्थन देने की बात कही है। उन्होंने सोमवार तक हस्ताक्षर जुटाकर नामांकन की प्रक्रिया पूरी करने की उम्मीद जताई है। दिलचस्प यह है कि इसी साल मार्च में तेलंगाना की दो राज्यसभा सीटों के चुनाव में भी कांते सयन्ना निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर सामने आए थे। उस समय भी उन्होंने नामांकन दाखिल किया था, लेकिन 10 विधायकों के प्रस्तावकों का समर्थन नहीं होने के कारण उनका नामांकन जांच में निरस्त होने की आशंका जताई गई थी।

निजी औद्योगिक पार्क बन सकेंगे, प्रदेश में 90 प्रतिशत उद्योग छोट

इसी महीने एमएसएमई की नई कंपनी बनेगी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

बड़े उद्योगों के लिए बने मप्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीआईडीसी) की तर्ज पर अब छोटे उद्योगों के लिए अलग कंपनी ह्यएमएसएमई आईडीसीह्न बनेगी। दायरे में 2.5 करोड़ से 500 करोड़ तक निवेश करने वाले उद्योग आएंगे। 17 नवंबर की डेस्टिनेशन कैबिनेट में इसे मंजूरी और 30 नवंबर तक कंपनी का गठन होगा। इसका अलग एमडी और विशेषज्ञों व कंसल्टेंट की टीम होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मप्र के 71वें स्थापना दिवस पर सीएम हाउस में आयोजित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) कार्यक्रम में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के करीब 90% उद्योग एमएसएमई श्रेणी में हैं। इसके अलावा निजी निवेशक इंडस्ट्रियल पार्क बना सकेंगे। सरकार प्रति हेक्टेयर 50 लाख रु. अनुदान देगी। इधर, 22 जिलों में उद्योगों के लिए जमीन खत्म हो चुकी है। सभी में दो माह में निवेश के लिए जमीन उपलब्ध कराएंगे।

सीएम ने कहा कि एमएसएमई औद्योगिक विकास की रीढ़ हैं। बड़े उद्योग पूंजी लाते हैं, जबकि छोटे और मझोले उद्योग ज्यादा रोजगार देते हैं। कार्यक्रम में सिंगल क्लिक से 900 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को 450 करोड़ रुपए से ज्यादा और 120 से अधिक स्टार्टअप्स को 47.80 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गई। साथ ही 75 से अधिक भूखंडों के आशय-पत्र बांटे गए।

ये काम कंपनी के हाथ में होंगे

छोटे उद्योगों के लिए भूमि का चिन्हांकन, अधिग्रहण, आवंटन और प्रबंधन, ताकि छोटे उद्यमी को जमीन के लिए भटकना न पड़े। छोटे भूखंडों, फ्लैटेड फैक्टरी और प्लग-एंड-प्ले सुविधाओं वाले ऐसे औद्योगिक क्षेत्र जो विशेष रूप से छोटे और मझोले उद्यमों की जरूरत के हिसाब से बनें, उनपर ध्यान देगी। सड़क, बिजली, पानी, जल-निकासी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। एमएसएमई निवेश को बढ़ावा देना और उद्यमियों को एक ही स्थान पर सभी सुविधा उपलब्ध कराने का काम करेगी।

फायदा... कंपनी बनने से उद्यमियों को आसानी और पारदर्शिता से जमीन मिलेगी। उद्योग जल्दी शुरू होंगे, लागत घटेगी। साल 2028 तक 30 नए औद्योगिक क्षेत्रों में 5000 उद्योगों को भूखंड देने का दावा।

लंदन में पढ़ीं-सिविल जज चुनी गईं, अब बनेंगी साध्वीः

गोल्ड मेडलिस्ट भी रहीं प्रखरश्री; बोलीं- कोई सांसारिक पद बड़ा नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बैतूल

वकालत की पढ़ाई करते हुए गोल्ड मेडलिस्ट रहीं। लंदन में कोर्स किया। सिविल जज के लिए चयनित हो गईं, जॉइन नहीं किया। अब साध्वी बनने जा रही हैं। ये कहानी बैतूल की प्रखरश्री जैन (26) की है। अब वह ब्रह्मचारिणी बनने जा रही हैं। जैनेश्वरी दीक्षा का संकल्प लेकर उन्होंने मोक्ष का मार्ग चुना है। पिता एलआईसी से रिटायर्ड अफसर हैं। उनके साथ चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) समेत चार अन्य दीक्षार्थी बहनों ने भी सांसारिक मोह छोड़कर भक्ति मार्ग अपनाया है। रविवार को बैतूल में पांचों बहनों की बिनौली यात्रा निकाली गई। ढोल की थाप पर नाचते गाते हुए परिजन, रिश्तेदार यात्रा में शामिल हुए।

प्रखरश्री दीदी ने प्राइमरी बैतूल से ही किया। इसके बाद मिडिल और हायर सेकंडरी भोपाल के संस्कार वैली स्कूल में हुई। स्कूल में शुरूआत से ही मेधावी रहीं। 12वीं के बाद



प्रखरश्री ने कानून के क्षेत्र में करियर बनाने का फैसला किया। कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट क्वालिफाई कर अहमदाबाद से एलएलबी किया। एलएलएम में गोल्ड मेडल हासिल किया। उच्च शिक्षा के लिए लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से भी कोर्स किया। साल 2023 में सिविल जज की परीक्षा में भी चयन हो गया।

मध्यप्रदेश में भवन निर्माण का नया ड्राफ्टःअब 2152 वर्गफीट तक घर बनाने फीस भरते ही अनुमति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में 2152 वर्गफीट (200 वर्गमीटर) तक के मकान बनाने नगरीय निकायों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। स्वघोषणा पत्र और ऑनलाइन शुल्क जमा करते ही निर्माण की स्वतः अनुमति मिल सकेगी। पहले से बने मकानों में बाउंड्रीवॉल, पार्टिशन और शेड जैसे 18 काम भी बिना मंजूरी हो सकेंगे। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने मप्र एकीकृत भूमि विकास एवं भवन प्रोत्साहन नियम-2026 का ड्राफ्ट तैयार किया है। ड्राफ्ट एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के प्रतिनिधियों समेत विभिन्न संस्थाओं को सुझाव के लिए भेजा है। नए नियमों में हाईराइज की अनुमति सड़क की चौड़ाई और प्लॉट के आकार से तय होगी। इससे छोटे शहरों में भी बहुमंजिला इमारतें बन सकेंगी। पार्किंग, बेसमेंट और बालकनी तय शर्तों पर फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) की गणना से बाहर रहेंगी। ग्रीन बिल्डिंग पर 3 से 5% अतिरिक्त एफएआर मिलेगा। 3229 वर्गफीट (300 वर्गमीटर) तकः 10 साल के अनुभवी अधिकृत आर्किटेक्ट भवन नक्शा मंजूर कर सकेंगे। 5381 वर्गफीट (500 वर्गमीटर) तकः स्वीकृत लेआउट में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीएंडसीपी) की अलग मंजूरी नहीं, नगरीय निकाय से अनुमति मिलेगी।

---

15 जिलों में डेढ़ लाख किसानों ने उठा ली 9 गुना ज्यादा खाद

भोपाल। मप्र में किसान आंदोलन के बाद अगस्त में जब ई-टोकन बंद किया गया तो अचानक से 15 जिलों में 9 गुना तक अधिक खाद उठा ली गई। मप्र किसान कल्याण एवं कृषि विभाग के अफसरों के संज्ञान में आया तो सभी 15 जिलों के कलेक्टरों से जांच कराई। इसमें निकला कि इन 15 जिलों के करीब डेढ़ लाख किसानों ने ही अधिक मात्रा में यानी लगभग दोगुनी खाद खरीदकर घरों में स्टॉक कर ली। यह पूरी खरीदी आधार कार्ड के जरिए हुई। इस बात की पुष्टि तब हुई, जब कलेक्टरों ने राजस्व विभाग के अफसरों को आधार कार्ड में दिए गए पते पर भेजा। मामला सामने आने के बाद रिपोर्ट कृषि विभाग को भेजी गई।

बिजली विभाग कनेक्शन जोड़ने पर 340 रुपए पेनाल्टी वसूल रहे

स्मार्ट मीटर बने समस्याः100-200 रुपए के बकाया पर कट रही बिजली

शहर में पहले 5 हजार रु. से ज्यादा बकाया होने पर सप्लाई बंद करते थे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सागर

शहर में स्मार्ट मीटर लगने के बाद से बिजली उपभोक्ताओं की परेशानियां कम होने के बजाय लगातार बढ़ती जा रही हैं। कंपनी द्वारा उपभोक्ता हित के तमाम दावों के विपरीत अब छोटे-छोटे बकाया (100 से 200 रु.) पर भी बिना किसी लिखित सूचना के बिजली सप्लाई काट दी जा रही है। हैरानी की बात यह है कि उपभोक्ताओं की पर्याप्त सुरक्षा निधि जमा होने के बावजूद मामूली देरी पर भारी-भरकम पेनल्टी और 340 रु. तक का अतिरिक्त शुल्क वसूला जा रहा है, जिससे आम जनता में बिजली कंपनी के खिलाफ आक्रोश है। 197 रुपए नहीं भरे तो 542 रुपए जमा कराए केस-1 दयानंद वार्ड निवासी अनीता भटनागर को 197 रुपए का बिल आया । अंतिम तारीख तक जमा न करने पर राशि बढ़कर 202 रुपए हो गई। बिजली कंपनी ने सप्लाई बंद की , इसके बाद उन्हें 542 रु. का भुगतान करना पड़ा। केस-2 लाजपतपुरा वार्ड में रहने वाले काशीराम लारिया को बिजली कंपनी ने 1532 रुपए का बिल जारी किया। अंतिम तारीख पर



जमा न करने पर राशि 1551 रुपए हो गई। इसके बाद कंपनी ने उनकी सप्लाई बंद कर दी और जब उपभोक्ता राशि जमा करने पहुंचे तो पेनाल्टी के अलावा सप्लाई चालू करने के नाम पर 340 रुपए जोड़कर राशि जमा कराई गई।

केस- 3 विवेकानंद वार्ड निवासी मनोहर लाल साहू को 1597 रु. का बिल जारी किया, जो पेनाल्टी के बाद 1617 रु. हो गया, लेकिन सप्लाई बंद होने के बाद जब वह बिजली कंपनी के कार्यालय पहुंचे तो उनसे 1957 रुपए जमा कराए गए। इसके बाद सप्लाई बहाल की गई। मोहन नगर वार्ड निवासी संजय नन्होरिया ने बताया कि उनका करीब 2500 रुपए बिल बकाया था। अंतिम तारीख निकलने के बाद रक्षाबंधन के दिन घर की बिजली बंद कर दी। उन्होंने राशि जमा की और सप्लाई बहाल कर दी गई, लेकिन दो दिन बाद कंपनी ने दोबारा सप्लाई बंद कर दी। उपभोक्ता का कहना है कि उनसे दोनों बार सप्लाई चालू कराने के नाम पर 340-340 रुपए लिए गए। बिजली कंपनी बकाया बिलों के जोखिम से बचने के लिए उपभोक्ताओं से सुरक्षा निधि जमा कराती है। यदि उपभोक्ता बकाया बिल की राशि जमा न करे तो कंपनी सुरक्षा निधि से उसकी वसूली कर सकती है।

उपभोक्ता हित के दावे फेल

बिजली कंपनी ने 2024 में जब शहर में स्मार्ट मीटर लगाने की शुरूआत की थी, तो इसे उपभोक्ता हितैषी बता रहे थे। दावा किया जा रहा था कि इससे पारदर्शिता बढ़ेगी, ऑटोमेटिक रीडिंग होने से गलत बिल जारी नहीं होंगे। लेकिन स्थिति यह है कि आमजन स्मार्ट मीटर लगने के बाद परेशान ही हुए हैं। शुरूआत से ही ज्यादा बिजली बिल, गलत बिजली बिल, मीटर जंप जैसी हजारों शिकायतें हुई हैं।

पहले 5 हजार से ऊपर के बकायादार टारगेट होते थे

शहर में पहले 5 हजार रु. से ज्यादा बकाया होने पर सप्लाई बंद करते थे। स्मार्ट मीटर लगने के बाद इसे घटाकर 2 हजार रु. कर दिया। अब तो 100-200 रु. बकाया होने पर भी सप्लाई बंद कर रहे हैं। पहले कर्मचारियों को खंभे से सप्लाई काटनी पड़ती थी और जोड़ने पर 200 रु. अतिरिक्त शुल्क लेते थे, लेकिन अब स्मार्ट मीटर लगे तो ऑफिस में बैठे-बैठे सप्लाई बंद कर रहे हैं। फिर भी शुल्क 340 रुपए कर दिया गया है।

ग्वालियर में फोन बना बमःडॉक्टर को दिखाने पहुंचे मरीज का मोबाइल फटा, अफरा-तफरी मची, बड़ा हादसा टला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

थाटीपुर चौहान प्याऊ के पास संचालित दृष्टि क्लीनिक पर रविवार को दोपहर 12 बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक मरीज का मोबाइल अचानक फट गया। ब्लास्ट होते ही फोन में आग की लपटें उठने लगीं, जिससे पूरे क्लीनिक परिसर में धुआं और अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि इस हादसे में मरीज या आसपास मौजूद किसी अन्य व्यक्ति को चोट नहीं आई। मोबाइल फटते और उसमें आग लगते ही वहां क्लीनिक पर बैठे मरीज बाहर निकल आए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर करीब 12 बजे मरीज डॉ. आशुतोष शर्मा परामर्श लेने के लिए वेटिंग एरिया में बैठा हुआ था। इसी दौरान उसके मोबाइल में अचानक ब्लास्ट हुआ और आग लग गई। धमाके की आवाज और आग की लपटें देखते ही वहां अपनी बारी का इंतजार कर रहे अन्य मरीज और उनके परिजन दहशत में आ गए और जान बचाने के लिए तुरंत बाहर की ओर दौड़े। घटना के तुरंत बाद क्लीनिक स्टाफ ने तत्परता दिखाई। अफरा-तफरी के बीच कर्मचारियों ने बिना वक्त गंवाए तुरंत पानी डालकर जलते हुए मोबाइल की आग पर काबू पा लिया।

स्टेज पर कूदा फैन तो चिल्लाईं सिंगर सुनंदा, सुरक्षाकर्मियों ने पकड़कर नीचे फेंका

गाजियाबाद के बाद जयपुर में सुरक्षा चूक




फेमस सिंगर सुनंदा शर्मा की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। जयपुर में लाइव परफॉर्मेंस के दौरान एक फैन स्टेज पर चढ़ गया। उसे देखकर सुनंदा घबरा गईं और चिल्लाते हुए तुरंत पीछे हट गईं। इसके बाद सिक्योरिटी ने तुरंत युवक को काबू किया और घसीटते हुए स्टेज से नीचे उतारा। इससे पहले भी गाजियाबाद में सुनंदा शर्मा के साथ ऐसा ही वाकया हो चुका है। इस मामले को लेकर फिलहाल सिंगर की तरफ से कोई रिएक्शन नहीं आया है।

जयपुर के कॉलेज में था सुनंदा का लाइव शो

सुनंदा शर्मा को जयपुर के आनंद इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में बुलाया गया था। 31 अक्टूबर को वह कॉलेज कैंपस में एकोना-2026 नाम के इंटर-कॉलेजिएट टेक्नो-कल्चरल फेस्ट में शामिल हुईं। रात करीब साढ़े 8 बजे सुनंदा स्टेज पर परफॉर्म कर रही थीं। इसी दौरान एक फैन स्टेज पर चढ़ गया। उसे देखकर सुनंदा चिल्लाते हुए पीछे हट जाती हैं, जिससे फैन सिंगर को नहीं छू पाता। इतनी देर में सिक्योरिटी तुरंत सुनंदा को कवर कर फैन को दबोच लेती है। इसके बाद सुरक्षाकर्मी उसे घसीटते हुए स्टेज से नीचे ले जाने लगते हैं। इस दौरान सुनंदा उन्हें रोकने के लिए 'इट्स ओके-इट्स ओके' बोलती हुई नजर आती हैं।

शाहरुख @61:अफेयर की खबर छापने वाले को कहा- काट डालूंगा

मन्नत पर पत्थर फेंके जाने पर बेटी सुहाना रोई तो दी धमकी; गुस्से के किस्से



बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान पर्दे पर कभी मोहब्बत के लिए दुनिया से लड़ते दिखे, तो कभी दुश्मनों के छक्के छुड़ाते। लेकिन असल जिंदगी में भी शाहरुख का एक ऐसा अंदाज रहा है, जिसने कई बार सुर्खियां बटोरीं। जब बात परिवार की हो, आत्मसम्मान की या फिर अपने काम और इज्जत की, तो शाहरुख ने कैमरे के सामने ही नहीं, कैमरे के पीछे भी कई बार एक्शन किया है। एक बार तो शाहरुख को-एक्ट्रेस से शारीरिक संबंध बनाने की बात छापने वाले पत्रकार को मारने तलवार लेकर उसके घर पहुंच गए थे। वहीं एक बार यूनिट की लड़कियों को छेड़ने वालों की लाठी से पिटाई की थी।

हीरोइन से अफेयर की खबर छापने वाले से कहा- काट डालूंगा, जिंदा गाड़ दूंगा


शाहरुख नए-नए फिल्मों में आए थे और उनकी शादी भी नई-नई थी। इसी समय उन्हें दीपा सेन के साथ फिल्म मामा मेमसाब (1993) में कास्ट किया गया। फिल्म की शूटिंग चल रही थी, तभी एक मैगजीन ने कवर पेज पर शाहरुख की बड़ी सी तस्वीर के साथ लिखा कि शूटिंग में हीरोइन के साथ सहज महसूस करने के लिए उन्होंने उनके साथ शारीरिक संबंध बनाए हैं।

मैगजीन घर पहुंची, तो शाहरुख की पत्नी गौरी खान डर गईं। शाहरुख ने पढ़ते ही सीधे मैगजीन की एडिटर को कॉल मिलाया और कहा- ये क्या छापा है?

जवाब मिला- शाहरुख, ये मजाक है। शाहरुख ने गालियों की बौछार कर दी और कॉल पर ही धमकी दे डाली। उसी शाम शाहरुख, शादी में आर्मी ऑफिसर ससुर से घुड़चढ़ाई के समय मिली तलवार लेकर मैगजीन के रिपोर्टर के घर पहुंच गए। पहुंचते ही उन्होंने उस रिपोर्टर की टांगों के बीच में तलवार अड़ा दी। गाली-गलौज हुई और शाहरुख ने उसके पेरेंट्स से कहा- मैं इसे काट डालूंगा। उस रोज रिपोर्टर के घर में एक पार्टी थी, जिसमें कई लोग आए हुए थे, लेकिन शाहरुख ने आव देखा न ताव सीधे बखेड़ा खड़ा कर, जमकर मारपीट की और गालियां बरसाईं। उन्होंने धमकी दी कि दोबारा ऐसा हुआ, तो वो सबको जिंदा गाड़ देंगे। शाहरुख तमतमाते घर लौट आए।

अगले दिन उनका गुस्सा शांत हो चुका था। शाम को वो दूसरी फिल्म कभी हां कभी ना की शूटिंग करने चले गए। सेट पर पुलिस आई, शाहरुख को लगा फैन हैं। कुछ तस्वीरें क्लिक करने के बाद पुलिस ने कहा- आपको स्टेशन बुलाया गया है। शाहरुख को लगा कोई अफसर उनसे मिलना चाहता है। वो स्टाइल में पुलिस स्टेशन गए। जैसे ही वो कुर्सी पर बैठने को हुए, अफसर ने तेज आवाज में कहा- बैठने की जरुरत नहीं है। तुम्हारे खिलाफ शिकायत मिली है। शाम के 6 बजकर निकल गए थे, तो बेल की भी उम्मीद नहीं थी। पुलिस ने उन्हें एक कॉल करने की इजाजत दी। लेकिन शाहरुख ने परिवार, वकील या दोस्तों की जगह सीधे शिकायत करने वाले रिपोर्टर को कॉल लगाया और कहा- अब तो मैं जेल आ गया हूं, निकलकर तुझे छोड़ूंगा नहीं।

उर्वशी-नताशा ने फैशन वीक में रैंप वॉक किया



ग्रैंड हयात में जुटे बॉलीवुड सेलेब्स; नीता अंबानी ने की 'अनंत आश्रय' की शुरूआत

रविवार को मुंबई के ग्रैंड हयात होटल में 'बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक अक्टूबर 2026' के तीसरे दिन कई बॉलीवुड स्टार्स और मॉडल्स शामिल हुईं। इस कार्यक्रम में नताशा स्टेकोविक, उर्वशी रौतेला, अनन्या बांगड़ और रीति तिवारी ने रैंप वॉक कर डिजाइनरों के कलेक्शन को प्रस्तुत किया।

दूसरी ओर रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर और चेयरपर्सन नीता अंबानी ने रविवार को मुंबई के पास कर्जत में 'नीता मुकेश अंबानी अनंत आश्रय' परियोजना का भूमि पूजन किया। 100 एकड़ में फैलने वाले इस संस्थान का मकसद अनाथ बच्चों, बुजुर्गों और दिव्यांगों को जीवनभर के लिए घर और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, नीता अंबानी ने 'नीता मुकेश अंबानी अनंत आश्रय' की नींव रखी। यह प्रोजेक्ट लगभग 100 एकड़ जमीन पर कई चरणों में विकसित किया जाएगा। यह टाउनशिप 5,000 से अधिक निवासियों को स्थायी आशियाना देगी, जिनमें अनाथ बच्चे, बुजुर्ग और बौद्धिक या शारीरिक रूप से दिव्यांग शामिल हैं। देखभाल करने वाले स्टाफ, डॉक्टरों और उनके परिवारों को मिलाकर यहां लगभग 15,000 लोगों का एक समुदाय तैयार होगा।

धमकी के बाद बुलेटप्रूफ केबिन में दिखे अमिताभ



संडे दर्शन में जलसा के बाहर सुरक्षा बढ़ी; बम से उड़ाने की धमकी मिली थी


अमिताभ बच्चन रविवार को अपने मुंबई स्थित आवास जलसा के बाहर फैंस से मुलाकात करने पहुंचे। बम से उड़ाने की धमकी के बाद अमिताभ एक बुलेटप्रूफ कांच के केबिन के अंदर दिखाई दिए। वे केबिन के अंदर से ही बाहर मौजूद फैंस की तरफ हाथ हिलाते और हाथ जोड़कर नमस्कार करते नजर आए।

हाल ही में अमिताभ बच्चन के बंगले को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, जिसके बाद मुंबई पुलिस ने उनकी सुरक्षा का स्तर बढ़ा दिया है। बम से उड़ाने की धमकी के बाद अमिताभ एक बुलेटप्रूफ कांच के केबिन के अंदर दिखाई दिए। अमिताभ बच्चन हर रविवार अपने बंगले जलसा के बाहर आकर फैंस का अभिवादन करते हैं। इस परंपरा को ह्यसंडे दर्शनह्ल कहा जाता है। हाल ही में अमिताभ बच्चन के आवास को बम से उड़ाने की धमकी मिलने का मामला सामने आया था। इस घटना के तुरंत बाद मुंबई पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया और जलसा के आसपास सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई। रविवार को भी दर्शन के दौरान पुलिसकर्मी बैरिकेड्स के पास मुस्तैद रहे और भीड़ पर लगातार नजर बनाए रखी।

पिछली बार पिता के साथ नजर आए थे अभिषेक बच्चन

इससे पहले हुए संडे दर्शन के दौरान अमिताभ बच्चन के साथ उनके बेटे अभिषेक बच्चन भी दिखाई दिए थे। आमतौर पर अमिताभ इस परंपरा के दौरान अकेले ही फैंस के सामने आते हैं, लेकिन पिछली बार पिता के पीछे खड़े अभिषेक की मौजूदगी ने लोगों का ध्यान खींचा था। अमिताभ बच्चन ने हाल ही में अपने ब्लॉग पर बताया था कि उन्हें आराम की जरूरत है। उन्होंने लिखा था कि डॉक्टरों ने उन्हें कुछ दिनों तक आराम करने और सेहत पर ध्यान देने की सलाह दी है।

जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...




रंग भरकर चित्र बनाओ




जोक्स

मास्टर जी: सबसे ज्यादा नशा किसमें होता है?
छात्र: किताब में
मास्टर जी: कैसे?
छात्र: क्योंकि किताब खोलते ही नींद आ जाती है

टीचर: कौन सी जाति के लोग अच्छे नागरिक होते हैं ?
छात्र: बनिए !
टीचर: वो कैसे ?
छात्र: क्योंकि सर हर जगह लिखा होता है देश के अच्छे नागरिक बनिए।



वर्ग पहेली



बाएं से दाएं

1. पाबंदी, संयम, पाश-3
3. मनुष्य, इंसान-3
5. शारीरिक, ऊंचाई-2
6. नलका, टूटी
8. प्रलय, महासंकट-4
11. दही से बना खाद्य पदार्थ-3
13. निर्माण, निर्मिती-3
14. हुनर, आर्ट-2
15. उम्मीद, आशा-2
16. खाना बनाना-3
18. असफल, अनुतीर्ण-3
20. आभास, भास-3
22. वध-2
24. जी, इच्छा, चित-2
25. सब्जी का सड़ना, बर्फ का पिघलना-3
26. याद करना-3

ऊपर से नीचे

1. हड़ताल, स्थिर, रुका हुआ-2
2. लवण-3
3. विश्राम, राहत-3
4. मछली, मत्स्य, राशि चक्र की एक राशि-2
5. बूंद-3
7. शरमाना-3
9. दोस्त, मित्र-2
10. बहुत प्यासा होना-4
12. एकटक निहारना-3
16. शरण, आश्रय-3
17. सम्मान-2
19. चिंतन-3
20. मकान, इमारत-3
21. कमी, थोड़ा-3
23. तज देना-2
24. इंकार, मनाही-2

माथा पच्ची

50		22		63		20	=	29
22		2		20		2	=	80
25		3		70		50	=	55
40		30		35		15	=	20
=		=		=		=		=
43		17		48		57	=	14 / 69

संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

शब्दों का जाल

ए	म	मा	ढें.	व	गे	व्द	सिं	ह	क
हा	न	सू.	ह	म	ल	जी	स	ल	व
सु	वी	जो	द	अं	लो	त	र	थ	ल
कु	र	दा	पा	ल	क	ह	ला	ह	व
म्म	ले.	न	ष	ल	न	मी	र	म्म	सी
र	मी	ए	स	जि	ख्या	क	प	सिं	गु
से	ह	बु	म.	ठी	म	गी	टे	बी.	ह
न	पू	सु	पा	सिं	पं.	सौ	ल	बी.	ला
मों	रे	क	सू	ह	ग	ने	ले	टं	न
आ	र.	के.	त्रि	वे	दी	दो	ह	ड	क
ठी.	ए	म	हे	ष	म	इ	ह	न	ह

शब्दजाल में 'भारत के प्रमुख 10 चुनाव आयुक्तों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं.

सुकुमार सेन, डॉ. नगेन्द्रसिंह, टी. स्वामीनाथन, टी.एन. शेषन, मनोहरसिंह, टी.एस. कृष्णमूर्ति, बी.बी.टंडन, एन. गोपालस्वामी, जे.एम. लिंगदोह, आर. के. त्रिवेदी

अष्टयोग

1			4	5		
2	25		32	4	36	2
7		1	6			
	34	6	31	6	33	5
	5		3			1
	37	5	31		30	3
	5		6	1		

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

माथा पच्ची का हल

39	+	56	-	2	-	35	=	58
-		+		x		-		-
31	-	20	+	14	+	32	=	57
+		+		-		+		x
40	x	2	-	20	-	30	=	30
-		+		+		-		-
30	+	5	x	5	-	15	=	15
=		=		=		=		=
18	+	43	-	13	-	18	=	43 / 11

अष्टयोग का हल

7	5	1	3	4	2	6
5	30	3	21	1	35	7
1	6	2	4	3	7	5
2	29	6	40	7	34	3
4	3	5	7	6	1	2
6	33	4	42	5	26	1
3	1	7	6	2	5	4

शब्दजाल का हल



सूडोकू नवताल

मध्यम

	8	1				2	5	
2								9
5			1		7	4		
9	5			4			2	
		3	9		6	7		
	7			8			1	5
		7	2		5			1
6								7
	1	5				6	9	

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल का हल

5	9	4	2	3	6	1	8	7
8	7	3	1	4	5	2	9	6
6	1	2	8	7	9	3	5	4
1	6	7	9	8	2	4	3	5
3	8	5	4	1	7	6	2	9
2	4	9	6	5	3	7	1	8
7	5	6	3	9	1	8	4	2
4	2	1	5	6	8	9	7	3
9	3	8	7	2	4	5	6	1



25 विधायकों ने उमर अब्दुल्ला को अल्टीमेटम दिया

मांगें नहीं मानीं तो सरकार से समर्थन वापस ले लेंगे; मंत्री पद न मिलने से विधायक नाराज

जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के 25 विधायकों ने रविवार को पार्टी नेतृत्व को 14 दिन का अल्टीमेटम दिया है। विधायकों ने मांगें पूरी नहीं होने पर सरकार से समर्थन वापस लेने की धमकी दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वे राजभवन जाकर समर्थन वापसी की औपचारिक घोषणा कर सकते हैं। विधायकों ने मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर सोगामी और 27 अक्टूबर को कैबिनेट विस्तार में बने 4 नए मंत्रियों को हटाने की मांग की। इसके साथ वे मंत्रिमंडल में बड़े बदलाव की मांग कर रहे हैं। सोगामी पर पार्टी नेतृत्व को गुमराह करने और संगठन के कामकाज में हस्तक्षेप करने का आरोप है।



श्रीनगर सांसद के इस्तीफे का ऐलान

श्रीनगर सांसद आगा सैयद रूहुल्लाह मेहदी ने भी इस्तीफे का ऐलान किया है। रूहुल्लाह ने कहा है कि वह 3 नवंबर को नेशनल कॉन्फ्रेंस और लोकसभा सदस्यता, दोनों से औपचारिक इस्तीफा देंगे। उन्होंने पार्टी नेतृत्व पर वैचारिक प्रतिबद्धताओं को कमजोर करने का आरोप लगाया है। रूहुल्लाह का कहना है कि पार्टी धारा 370 पर केंद्र के फैसल को चुनौती देने के वादे से पीछे हट रही है।

विधायकों का 4 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल बनाया

बैठक में विधायकों ने 4 सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल बनाने का फैसला किया। इसकी अगुआई पार्टी के सीनियर लीडर और गुरेज विधायक नजीर अहमद गुरेजी तथा थानामंडी विधायक मुजफ्फर इकबाल खान करेंगे। प्रतिनिधिमंडल पार्टी अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मिलकर अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपेगा। विधायकों ने नेतृत्व के जवाब का इंतजार करने और उसके बाद आगे की रणनीति तय करने का फैसला किया है।

कैबिनेट विस्तार में कई दावेदारों को नहीं मिली जगह

27 अक्टूबर के कैबिनेट विस्तार में नेशनल कॉन्फ्रेंस के 4 विधायक अली मोहम्मद सागर, मीर सैफुल्लाह, शमीमा फिरदौस और अल्ताफ अहमद कल्लू मंत्री बनाए गए। वहीं, निर्दलीय विधायक सतीश शर्मा को मंत्रिमंडल से हटा दिया गया था। इस विस्तार में कई ऐसे वरिष्ठ विधायक मंत्री नहीं बन सके, जिनके नाम की चर्चा थी। इनमें नजीर अहमद गुरेजी और मुबारक गुल भी शामिल हैं। मुबारक गुल को बाद में फारूक अब्दुल्ला ने अली मोहम्मद सागर की जगह पार्टी का महासचिव नियुक्त किया।

इजराइल में आइजनकोट ने गठबंधन की 4 शर्तें रखीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव

इजराइल में विपक्षी नेता गादी आइजनकोट ने नई सरकार बनाने के लिए 4 शर्तें रखी हैं। इजराइली मीडिया वायनेट के मुताबिक, इनमें हरेदी समुदाय को सैन्य सेवा देना अनिवार्य होगा। इसके अलावा इजराइल को यहूदी और लोकतांत्रिक देश बनाए रखना और गाजा से हमास का शासन खत्म करना शामिल है। आइजनकोट ने कहा कि इन शर्तों को मानने वाले दलों के लिए गठबंधन में शामिल होने का रास्ता खुला है। दरअसल, 27 अक्टूबर को हुए चुनाव में किसी भी गठबंधन को बहुमत नहीं मिला। 120 सीटों वाली संसद में सरकार बनाने के लिए 61 सीटें जरूरी हैं।

15 दिन पहले भी यहां हमले में 4 मौतें हुई थी; सऊदी पर भी ड्रोन अटैक

हूती विद्रोहियों ने यमन के राष्ट्रपति भवन पर मिसाइलें दागीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सना





यमन के हूती विद्रोहियों ने शुक्रवार को अदन में राष्ट्रपति भवन पर दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। हालांकि, यह साफ नहीं है कि मिसाइलें अपने निशाने पर लगीं या नहीं। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, राष्ट्रपति भवन की ओर एंबुलेंस जाते हुए देखी गईं। यमन सरकार के सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि हूती विद्रोहियों ने अदन एयरपोर्ट पर भी बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। हालांकि, उन्होंने हमले में किसी के मारे जाने या घायल होने की जानकारी नहीं दी।

राष्ट्रपति भवन पर 15 दिन में यह दूसरा हमला है। इससे पहले 15 अक्टूबर को हुए हमले में 4 लोगों की मौत हुई थी। इसके अलावा, हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब के मदीना इलाके की ओर भी ड्रोन भेजा था। सऊदी नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन ने इसे हवा में ही मार गिराया। अदन यमन की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार का प्रमुख केंद्र है। हूती विद्रोहियों ने 2014 में राजधानी सना पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद सरकार को सना छोड़ना पड़ा था। जुलाई से अदन में हमले फिर बढ़े हैं। इससे पहले 28 अक्टूबर को भी हूती विद्रोहियों ने अदन एयरपोर्ट को निशाना बनाया था। हमले से पहले हूतियों ने लोगों को इलाका खाली करने की चेतावनी दी थी। यह एयरपोर्ट दक्षिणी यमन में राहत सामग्री और मानवीय मदद पहुंचाने का अहम रास्ता है।

सऊदी नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन ने शुक्रवार को मदीना के ऊपर एक ड्रोन मार गिराने का दावा किया। इससे पहले गठबंधन मक्का में भी एक ड्रोन को नष्ट करने का दावा कर चुका है। मक्का में ग्रैंड मस्जिद और काबा हैं, जबकि मदीना में पैगंबर मोहम्मद की मस्जिद है। दोनों शहर मुसलमानों के सबसे पवित्र धार्मिक स्थलों में शामिल हैं।

सऊदी अरब ने अक्टूबर में हूती विद्रोहियों पर मदीना के बिजली वितरण केंद्र पर हमला करने का आरोप लगाया था। यह केंद्र पैगंबर मोहम्मद की मस्जिद को बिजली की आपूर्ति करता है। हालांकि, हूतियों ने इस आरोप को खारिज कर दिया था। हूती मक्का और मदीना को निशाना बनाने से इनकार करते हैं। उनका कहना है कि वे सऊदी अरब के सैन्य और तेल से जुड़े ठिकानों पर हमले करते हैं।

यमन में हूती विद्रोहियों और सरकार के बीच लंबे समय से संघर्ष जारी है। सऊदी अरब यमन की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार का समर्थन करता है। वह हूतियों के खिलाफ लड़ रही सरकारी सेना को हवाई मदद भी देता है। वहीं, ईरान पर हूतियों को समर्थन देने के आरोप लगते रहे हैं।

राष्ट्रपति भवन परिसर पर हमले के बाद यमन में संघर्ष और तेज होने की आशंका है। हूतियों ने कहा है कि उन्होंने सऊदी सैन्य अभियान से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया था। यमन में हूतियों ने 2014 में राजधानी सना पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद 2015 में सऊदी अरब ने कई देशों के साथ मिलकर उनके खिलाफ सैन्य अभियान शुरू किया।

देशभर में प्रदर्शन; राष्ट्रपति का विमान बीच रास्ते से लौटा

पोलैंड में पीएम टस्क पर तख्तापलट की कोशिश का आरोप, दो जज निलंबित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वारसॉ



पोलैंड में प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क की सरकार पर देश की संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा करने की कोशिश का आरोप लगा है। यह विवाद देश की सबसे बड़ी अदालतों में से एक संवैधानिक ट्रिब्यूनल को लेकर शुरू हुआ है।

एक जज ने शुक्रवार को संवैधानिक ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को एक महीने के लिए निलंबित कर दिया। इसके बाद उन्होंने खुद ही अध्यक्ष की जिम्मेदारी ले ली। विपक्ष इससे नाराज हो गया। उसने सरकार पर तख्तापलट की कोशिश का आरोप लगाया। सैकड़ों लोग जज के फैसले के विरोध में अदालत के बाहर जमा हो गए। कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर चीजें फेंकीं। हालात बिगड़ने पर राष्ट्रपति कारोल नावरोत्स्की सेनेगल जाते समय बीच रास्ते से ही वापस लौट आए। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में राष्ट्रपति का देश में रहना जरूरी है।

पोलैंड में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री दोनों की अलग-अलग जिम्मेदारियां हैं। प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क सरकार चलाते हैं, जबकि राष्ट्रपति कारोल नावरोत्स्की देश के संवैधानिक प्रमुख हैं। दोनों के बीच अदालतों में जजों की नियुक्ति और उनके काम करने के तरीके को लेकर विवाद चल रहा है। अब यह लड़ाई देश की सबसे बड़ी अदालतों में से एक संवैधानिक ट्रिब्यूनल तक पहुंच गई है।

टस्क चाहते हैं कि पिछली सरकार के समय अदालतों में हुई नियुक्तियों और बदलावों को ठीक किया जाए। उनका आरोप है कि पिछली सरकार ने अपने पसंद के लोगों को अदालतों में बड़े पदों पर बैठाया था।

दूसरी तरफ, राष्ट्रपति नावरोत्स्की का कहना है कि टस्क सरकार के फैसले संविधान के नियमों के मुताबिक होने चाहिए। वे सरकार के कई फैसलों का विरोध कर चुके हैं।

ट्रम्प की नेतन्याहू से फोन पर बात

ईरान के 1-2 ठिकाने उड़ाने बाकी, रिपोर्ट- अमेरिका 4 को हमला कर सकता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन डीसी/तेल अवीव



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से शनिवार को फोन पर बातचीत की। यह जानकारी वॉल स्ट्रीट जर्नल ने दी। ट्रम्प ने इसके बाद रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े एक या दो ठिकाने अभी उड़ाना बाकी हैं। वहीं, अमेरिकी न्यूज चैनल टर ठडह ने बताया कि वॉशिंगटन ने खाड़ी देशों को ईरान पर नए हमलों के लिए तैयार रहने को कहा है। ये हमले 4 नवंबर से शुरू हो सकते हैं। यह तारीख अमेरिका में मिडटर्म चुनाव के अगले दिन की है।

अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ने हाल के हफ्तों में पश्चिम एशिया में हवाई सुरक्षा सिस्टम, गोला-बारूद और सैन्य उपकरणों की तैनाती बढ़ाई है। साथ ही, उसने अपने सैनिकों और सैन्य सामान को उन ठिकानों से दूसरी जगह भेजना शुरू कर दिया है, जहां ईरान हमला कर सकता है। अमेरिकी रक्षा अधिकारियों का मानना है कि अमेरिकी सेंट्रल कमांड और इजराइल ने हमले की तैयारी कर ली है। इजराइली न्यूज चैनल डअठ के मुताबिक, पिछले हफ्ते अमेरिका के 10 सैन्य मालवाहक विमान इजराइल पहुंचे थे।

इनमें हवाई हमलों से बचाव के लिए जरूरी उपकरण होने की बात कही जा रही है। इनका इस्तेमाल क्षेत्र में अमेरिकी और उसके सहयोगी देशों के सैन्य ठिकानों की सुरक्षा के लिए किया जाएगा। दो हफ्ते पहले इजराइल के कई लड़ाकू विमानों ने ईरान की सीमा तक उड़ान भरी थी और फिर लौट आए थे। एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक, यह सैन्य अभ्यास का हिस्सा था। ट्रम्प इन दिनों 3 नवंबर को होने वाले अमेरिकी मिडटर्म चुनाव के प्रचार अभियान में जुटे हैं। इन चुनावों में अमेरिकी संसद के लिए प्रतिनिधि चुने जाएंगे। ईरान के साथ युद्ध और अमेरिका में ईंधन की बढ़ती कीमतें रिपब्लिकन पार्टी के लिए चिंता का विषय बनी हुई हैं। ट्रम्प चुनाव के आखिरी दिनों में अपनी पार्टी के समर्थन को बढ़ाना चाहते हैं।

होर्मुज में हमले का नया तरीका, जहाज पर बम चिपकाया

धमाके से इंजन रूम जला, 27 भारतीय मौजूद थे, सभी सुरक्षित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ओमान



होर्मुज में गुरुवार को 27 भारतीय क्रू सदस्यों वाले तेल टैंकर लुईस 1 पर हमला हुआ। पनामा के झंडे वाले इस टैंकर के पास एक छोटी नाव पहुंची थी। नाव से आए लोगों ने जहाज के बाहरी हिस्से (हुल) पर दो लिम्पेट माइंस चिपका दीं और वहां से चले गए। कुछ देर बाद दोनों विस्फोटकों में धमाका हुआ, जिससे इंजन रूम में आग लग गई। इसकी वजह से जहाज का इंजन कुछ समय के लिए बंद हो गया। हालांकि, क्रू ने आग पर काबू पा लिया और जहाज को सुरक्षित कर लिया।

हमले के पीछे किसका हाथ है, इसकी पुष्टि नहीं हुई है। केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने बताया कि जहाज पर सवार सभी 27 भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। किसी को चोट नहीं आई है।

रॉयटर्स के मुताबिक, फरवरी में अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद होर्मुज में पहली बार लिम्पेट माइंस से सफल हमला हुआ है। इससे पहले सितंबर में भी इसी तरह के विस्फोटक लगाने की कोशिश की गई थी, लेकिन उनमें धमाका नहीं हुआ था। ब्रिटेन की समुद्री सुरक्षा एजेंसी वडटळड के मुताबिक, टैंकर पर हमला ओमान के खासाब शहर से करीब 46 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में हुआ। लिम्पेट माइंस छोटे आकार के विस्फोटक होते हैं, जिन्हें गोताखोर या छोटी नाव से जहाज के बाहरी हिस्से पर चिपकाया जा सकता है। इनमें चुंबक लगे होते हैं, जिससे ये जहाज पर चिपक जाते हैं। इनका इस्तेमाल आमतौर पर जहाजों को नुकसान पहुंचाने के लिए किया जाता है।

एक दिन में दो तेल टैंकरों पर हमला

29 अक्टूबर को लाइबेरिया के झंडे वाले तेल टैंकर एमटी अरजानाह पर भी हमला हुआ था। इस जहाज पर दो भारतीय नागरिक सवार थे। केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल के मुताबिक, दोनों भारतीय सुरक्षित हैं। इस तरह एक ही दिन में होर्मुज के आसपास दो तेल टैंकरों पर हमले हुए। दोनों जहाजों पर कुल 29 भारतीय नाविक सवार थे। सभी सुरक्षित हैं।

चक्रवाती तूफान 'मुरासु' चेन्नई से 420 किमी दूर

10 राज्यों पर होगा असर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान 'मुरासु' के आंध्र प्रदेश के तट की ओर बढ़ रहा है। ये अभी चेन्नई से 420 किमी दूर है। इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने और 2 नवंबर की सुबह तक पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में भीषण चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है। अभी चक्रवात की विशाखापत्तनम से तकरीबन 660 किमी दूर है। इसके 3 नवंबर की सुबह आंध्र प्रदेश के दक्षिणी तट पर नेल्लोर और नरसापुर के बीच इसके पहुंचने की संभावना है। चक्रवात का खतरा देखते हुए आंध्रप्रदेश, ओडिशा समेत आसपास के राज्यों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। खासकर साउथ ओडिशा और आंध्रप्रदेश के तटीय इलाकों में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए लोगों को वहां से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का काम शुरू कर दिया गया है।

रिपोर्ट- 5000 फर्जी एजेंसियों का नेटवर्क बनाया, चीन-रूस से मंगवाए मिसाइलों के पुर्जे

अमेरिकी नाकेबंदी को चकमा देकर ईरान ने सैन्य सामान खरीदा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेहरान



अमेरिका ने ईरान पर कई तरह के प्रतिबंध लगा रखे हैं। समुद्र में अमेरिकी नाकेबंदी के चलते उसके लिए दूसरे देशों से सैन्य सामान मंगाना भी मुश्किल है। इसके बावजूद ईरान ने हथियारों की सप्लाई जारी रखी। रॉयटर्स की एक जांच रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने 5000 से ज्यादा फर्जी सरकारी एजेंसियों का नेटवर्क बनाया। इनके जरिए चीन, रूस और दूसरे देशों से मिसाइलों के पुर्जे, विस्फोटक, रॉकेट का ईंधन बनाने वाले केमिकल और भारी ट्रक खरीदे गए।

जनवरी 2025 से जून 2026 के बीच इस नेटवर्क के जरिए करीब 2 लाख करोड़ रुपए का सामान खरीदा गया। यह पूरा नेटवर्क ईरान के रक्षा मंत्रालय और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स से जुड़ा है। इस नेटवर्क के जरिए ईरान तेल बेचकर मिलने वाले पैसों से सैन्य सामान खरीदता था। इसके लिए बिचौलियों और विदेशों में बनी फर्जी कंपनियों की मदद ली जाती थी। जांच रिपोर्ट में पता चला कि यह तरीका 2016 से इस्तेमाल हो रहा था। रॉयटर्स ने इजराइल-अमेरिका की रिस्क कंसल्टेंसी 240 एनालिटिक्स के साथ मिलकर इस नेटवर्क की जांच की। इसमें पता चला कि इन एजेंसियों के नाम टडऊ से शुरू होते थे और आगे 5 या 6 अंकों का नंबर होता था।

इनके दस्तावेजों में ईरान के रक्षा मंत्रालय का तेहरान वाला पता और बनने की तारीख 11 फरवरी 1979 दर्ज थी। इसी दिन अयातुल्ला खुमैनी ने ईरान की सत्ता संभाली थी। हालांकि, रिकॉर्ड के मुताबिक ज्यादातर एजेंसियां 2013 में बनाई गई थीं। उस समय अमेरिकी प्रतिबंधों से ईरान का तेल कारोबार प्रभावित हो रहा था।

इन एजेंसियों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए बिचौलियों और विदेशों में फर्जी कंपनियों का सहारा लिया। इन्हें ट्रस्टी कहा जाता है। ये लोग तेल बेचकर मिले पैसों से सैन्य सामान खरीदते थे। रॉयटर्स ने जिन सौदों की जांच की, उनमें 97% खरीदारी बिना सीधे पैसे भेजे हुई थी। यानी एक देश से दूसरे देश में रकम ट्रांसफर करने की जरूरत नहीं पड़ी। इससे अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग सिस्टम की नजर से बचना आसान हो गया।

लीक हुए बैंक दस्तावेजों से मिला सुराग

इस नेटवर्क का पता जून 2025 में 240 एनालिटिक्स के अर्थशास्त्री नोआम बिनस्टॉक को चला। वह बैंक सेपाह के लीक हुए दस्तावेजों की जांच कर रहे थे। यह बैंक के कर्मचारियों को वेतन भी देता है। ये दस्तावेज टेलीग्राम और विकीईरान वेबसाइट पर सामने आए थे। इन दस्तावेजों के मुताबिक, दिसंबर 2024 के आखिर में 36 एजेंसियों के पास करीब 1.2 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा थी। बाकी एजेंसियों के पास करीब 1.8 अरब डॉलर के बराबर ईरानी मुद्रा थी। जांच में पता चला कि ये एजेंसियां तेल से होने वाली कमाई हासिल कर रही थीं और उससे ऐसे सामान खरीद रही थीं, जिनका इस्तेमाल हथियार बनाने में भी हो सकता है। हर एजेंसी का 11 अंकों का अलग पहचान नंबर था। यही नंबर शिपिंग दस्तावेजों, बिलों और बैंक खातों में भी दर्ज था। इससे फर्जी कंपनियों के पीछे छिपे इस पूरे नेटवर्क का पता लगाना संभव हुआ। एक एजेंसी ने जनवरी 2025 से जून 2026 के बीच 2.3 अरब डॉलर का सामान खरीदा। इसमें रॉकेट ईंधन बनाने वाले केमिकल, विस्फोटक और हथियारों के पुर्जे शामिल थे। जनवरी से अप्रैल 2025 के बीच इसने चीन से 886 टन सोडियम क्लोरेट और परक्लोरेट जैसे केमिकल मंगाए।

■ वर्ष-12 अंक-359 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

सुभाषितानि

श्लोकार्धेन प्रवक्ष्यामि यदुक्तं ग्रन्थकोटिभिः।
परोपकारः पुण्याय पापाय परपीडनम्॥

भावार्थ : जो करोड़ों ग्रंथों में कहा है, वह मैं आधे श्लोक में कहता हूँ; परोपकार पुण्यकारक है, दूसरे को पीड़ा देना पापकारक है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 02 नवम्बर, 2026

परोपकृति कैवल्ये तोलयित्वा जनार्दनः।
गुवीर्मुपकृतिं मत्वा ह्यवतारान् दशाग्रहीत्॥

भावार्थ : विष्णु भगवान ने परोपकार और मोक्षपद दोनों को तोलकर देखे, तो उपकार का पल्लु ज्यादा झुका हुआ दिखा; इसलिए परोपकारार्थ उन्हों ने दस अवतार लिये।

सम्पादकीयम्

निर्धारितः समयसीमाः

नवीनपुराणनिर्वाचनसूचीनां तुलनां कृत्वा ज्ञास्यति यत् किमपि वास्तविकं नाम अप्रमादेन लोपितं वा इति। निर्वाचनआयोगेन अस्मिन् सिद्धान्ते कार्यं कर्तव्यं यत् एकः अपि योग्यः मतदाता स्वस्य अधिकारात् वंचितः न भवति। यदि प्रक्रिया जटिला अस्ति तर्हि जनसामान्यं तस्य परिणामं न वहितुं अर्हति। निर्धारितः समयसीमाः प्रत्येकं बीएलओ प्रतिसप्ताहं २० तः २५ मतदातानां कृते सम्पर्कं कर्तुं निर्देशः दत्तः अस्ति। एकमासान्तरे सत्यापनप्रक्रिया सम्पन्नं भविष्यति इति अपेक्षा अस्ति। आगामिवर्षे अनेकेषु राज्येषु निर्धारितं निर्वाचनं दृष्ट्वा स्पष्टसमयरेखां निर्धारयितुं महत्त्वपूर्णम् अस्ति। एते सर्वे विषयाः विवादाः च विधानसभानिर्वाचनप्रक्रियायाः आरम्भात् पूर्वं निराकरणं करणीयम्। निर्वाचनं प्रचलति तदा आयोगस्य विश्वसनीयतायाः विषये प्रश्नाः उत्थापिताः भवेयुः इति अनिष्टं भविष्यति; अन्ते एतेन संस्थायाः लोकतन्त्रस्य च हानिः भवति। पारदर्शिता अत्यावश्यकी अस्ति। एतत् विशेषं अभियानं आयोगाय सर्वान् प्रश्नान् सम्बोधयितुं अवसरं प्रदाति, येन पूर्णपारदर्शिता महत्त्वपूर्णा भवति। यदि पुरातनसूचौ योग्यं नाम दृश्यते परन्तु नूतनसूचौ न गतं तर्हि अस्य बहिष्कारस्य कारणं अवश्यमेव प्रकटितव्यम्। मान्यता प्राप्तराजनैतिकदलानां बूथस्तरस्य एजेण्टैः सह एषा सूची साझा भविष्यति इति सकारात्मकं सोपानम् अस्ति। तस्य बहवः निर्णयाः शङ्कया दृश्यन्ते, आयोगः च बहुधा स्पष्टीकरणानि निर्गन्तुं बाध्यः भवति। सूचीनां पारसत्यापनम्ः अस्य अभियानस्य अन्तर्गतं बूथस्तरस्य अधिकारिणः।

100 कोटि घोटाले प्रकरणे पूर्व शिक्षामन्त्री गिरफ्तार

१,००० तः अधिकेभ्यः निजी विद्यालयेभ्यः धनं गृहीतवान् इति आरोपः महेशपोय्यामोझी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ चेन्नै

तमिलनाडुदेशे डीएमके-नेता पूर्वविद्यालयशिक्षामन्त्री च अनबिल महेशपोय्यामोझी इत्यस्य कथितस्य निजीविद्यालयघोटाले १०० कोटिरूप्यकाणां सन्दर्भे गृहीतः अस्ति। सोमवासरे मद्रास उच्चन्यायालयेन तस्य प्रत्याशित जमानतयाचना अङ्गीकृत्य किञ्चित्कालानन्तरं ग्रेटर चेन्नैपुलिसस्य केन्द्रीयअपराधशाखा इत्यनेन एषा कार्यवाही कृता। मान्यतां अन्यप्रशासनिकअनुमोदनानि च प्रदातुं विनिमयरूपेण निजीविद्यालयेभ्यः धनसङ्ग्रहस्य कथितस्य विषये एषः प्रकरणः सम्बद्धः अस्ति।

सहस्राधिकानां विद्यालयानां प्रबन्धनात् धनं ग्रहीतुं आरोपितः अन्वेषणसंस्थानां अनुसारं अनबिल महेशस्य आरोपः अस्ति यत् सः २०२१ तः २०२६ पर्यन्तं विद्यालयशिक्षामन्त्रीरूपेण स्वस्य कार्यकाले १,००० तः अधिकानां निजीविद्यालयानाम् प्रबन्धनात्-पक्षस्य धनस्य आडम्बरेण-धनसङ्ग्रहं कृतवान्। आरोपः अस्ति यत्, प्रतिफलरूपेण विद्यालयेभ्यः स्थायीमान्यतायाः अन्यप्रशासनिकनिष्कासनस्य च प्रतिज्ञा कृता आसीत् सीसीबीद्वारा पञ्जीकृते प्राथमिके भ्रष्टाचारनिवारणकानूनस्य अन्तर्गतं आरोपाः अपि समाविष्टाः सन्ति।

ईडी अपि प्रकरणस्य अन्वेषणं कुर्वन् अस्ति प्रवर्तननिदेशालयः अपि अस्य विषयस्य अन्वेषणं कुर्वन् अस्ति। चेन्नईपुलिसस्य सीसीबीद्वारा दाखिलस्य एफआईआर-आधारेण केन्द्रीय-एजेन्सी-संस्थायाः अन्वेषणं १६ सितम्बर्-दिनाङ्के आरब्धम्। ईडी कथित अवैधवित्तीयव्यवहार, धनस्य दुरुपयोगः, धनशोधनं च सम्बद्धानां पक्षानाम् परीक्षणं



कुर्वन् अस्ति।

छापेमारीषु ११८ वस्तूनि जप्ताः अन्वेषणस्य भागरूपेण कृतेषु छापेषु ११८ वस्तूनि जप्ताः इति प्रतिवेदनानि सूचयन्ति। एतेषु सम्पत्तिसम्बद्धाः दस्तावेजाः, बैंकविवरणानि, १८ मोबाईलफोनाः, लैपटॉप्, टैब्लेट् च सन्ति। निजीविद्यालयसङ्घस्य शिकायतया अस्य अन्वेषणस्य आरम्भः अभवत्। जूनमासे पुलिसैः बी.टी. अरसाकुमारः अन्ये द्वे च प्रकरणसम्बद्धे। अन्बिल महेशः एतान् आरोपान् राजनैतिकप्रतिशोधम् इति वदति अन्बिल महेशः स्वस्य विरुद्धं स्थापितान् आरोपान् अङ्गीकृतवान् अस्ति। एतान् छापां राजनैतिकप्रतिशोधस्य कार्यम् इति वर्णयन् सः आरोपितवान् यत् राज्यस्य सत्ताधारी टीवीके-सर्वकारः जनस्य ध्यानं विचलितुं प्रयतते। सः दावान् करोति यत् राज्यसर्वकारस्य नूतनसचिवालय-विधानसभासङ्कुलस्य योजनायाः आलोचनां कृत्वा सः लक्षितः अभवत्, यस्याः मूल्यं प्रायः 1,200 कोटिरूप्यकाणां अनुमानितम् अस्ति। सम्प्रति अस्य विषयस्य अन्वेषणं प्रचलति। एतेषां आरोपानाम् सत्यता तथा च कथितानां वित्तीय-अनियमितानां परितः तथ्यानां निर्धारणं प्रचलति अन्वेषणस्य न्यायिकप्रक्रियायाः च माध्यमेन भविष्यति।

निर्वाचनआयोगः

सर्वोच्चन्यायालये स्वस्य रुखं प्रस्तुतं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

निर्वाचनआयोगेन सर्वोच्चन्यायालये प्रक्रियायाः विषये स्वस्य स्थितिः स्पष्टीकृता अस्ति। प्रक्रियां चुनौतीं दत्तवन्तः याचिकानां प्रतिक्रियारूपेण सर्वोच्चन्यायालये दाखिले प्रतिशपथपत्रे ईसी इत्यनेन उक्तं यत् एसआईआर-सम्बद्धाः सर्वे निर्णयाः सर्वसम्मत्या एव प्राप्ताः। आयोगेन स्पष्टीकृतं यत् प्रतिशपथपत्रं तस्य त्रयाणां सदस्यानां-मुख्यनिर्वाचनआयुक्तस्य निर्वाचनआयुक्तद्वयस्य च पूर्णसहमत्या अनुमोदितम्।

जून २०२५, अक्टोबर २०२५, मे २०२६ च मासे निर्गताः एसआईआरसम्बद्धाः त्रयः आदेशाः सर्वे आवश्यकानुमोदनैः सह निर्गताः। आयोगेन स्पष्टीकृतं यत् सञ्चिकासमीक्षाप्रक्रियायां मुख्यनिर्वाचनआयुक्तेन वा निर्वाचनआयुक्तैः वा कृताः कोऽपि टिप्पणीः, प्रश्नः, सुझावः वा आयोगस्य अन्तिमनिर्णयः इति व्याख्यातुं न शक्यते। कथं निर्णयाः क्रियन्ते? निर्वाचनआयोगस्य मते क्रमेण सञ्चिकां प्रेष्यते-प्रथमं एकस्य निर्वाचनआयुक्ताय, ततः द्वितीयनिर्वाचनआयुक्ताय, अन्ते च मुख्यनिर्वाचनआयुक्ताय। अनुमोदनानि विद्युत्प्रकारेण प्रदत्तानि भवन्ति, तदनन्तरं औपचारिकरूपेण सञ्चिकायां अभिलेखिताः भवन्ति। आयोगेन उक्तं यत् यदि कोऽपि अधिकारी स्वस्य प्रत्यायोजिताधिकारात् अधिकं आदेशं निर्गच्छति तर्हि तेषां विरुद्धं कार्यवाही भविष्यति।

अवदन् यत् उत्तरखण्डस्य अन्तः अनिर्दिष्टक्षेत्रात् धूमस्य उद्भवस्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

दिल्ली-अग्निशामकसेवायाः अधिकारिणः अवदन् यत् उत्तरखण्डस्य अन्तः अनिर्दिष्टक्षेत्रात् धूमस्य उद्भवस्य विषये सूचनाः प्राप्ताः। एतस्य अलर्टस्य अनन्तरं षट् अग्निनिविदाः घटनास्थले प्रेषिताः येन स्थितिः आकलनीयाः, अग्निशामकाः च। अग्निः अल्पः आसीत्, तत्र कोऽपि क्षतिः न ज्ञाता। तदनन्तरं अग्निः निष्प्रभः इति अधिकारिणः पुष्टिं कृतवन्तः। घटनासमये तस्मिन् स्थाने किञ्चित् विध्वंसनं वा विच्छेदनं वा कार्यं प्रचलति इति अपि ते अवलोकितवन्तः। शिवसेनानेता मिलिन्ददेवरा संसदं गच्छन् भवनस्य पृष्ठतः धूमस्य उदयं दृष्ट्वा सामाजिकमाध्यमेषु अपि ध्यानं आकर्षितवान्।

राशिफल

मेष : देखभाल के छोटे-छोटे काम दूसरों से दोस्ताना सपोर्ट और उपयोगी जानकारी हासिल करेंगे।

वृषभ : आज के दिन सभी पर्सनल समस्याओं को ठीक करने के लिए कदम उठाएं। यह आपके ऑफिस परफॉर्मेंस में मदद करेगा।

मिथुन : आपकी फाइनेंशियल स्थिति सोच-समझकर पैसे के फैसले लेने की इजाजत देती है।

कर्क : आज के दिन प्यार में सुखद पलों की तलाश करें। ध्यान रखें कि आप अपने लवर की उम्मीदों पर खरे उतरें।

सिंह : मजाक करें, सुनें, सपोर्ट करें, और अपने ऑप्शन को प्रगति और खुशी का मार्गदर्शन करने दें।

कन्या : जिज्ञासा मेशनत सपोर्ट आकर्षित करेगी। साथ ही नए, व्यावहारिक अवसरों की ओर ले जा सकती है, वो भी बिना जल्दबाजी के।

तुला : छोटे एक्सपेरिमेंट और दोस्ताना बातचीत उपयोगी जानकारी ला सकते हैं। अपने आइडिया को आसान तरीके से समझाएं।

वृश्चिक : छोटे-छोटे प्रैक्टिकल डिसीजन से लगातार रिजल्ट और शांति मिलेगी। अपने धैर्य से योजनाओं को जीत में बदलने दें।

धनु : आज आपका स्टेबल तरीका आपको सावधानीपूर्वक योजना और शांति के साथ महत्वपूर्ण काम खत्म करने में मदद करेगा।

मकर : आज आपका कोमल स्वभाव अच्छे आइडिया को जन्म देगा। कोई छोटा क्रिएटिव काम करें।

कुंभ : आज का दिन दोस्ताना बातचीत और नई सीख के बारे में है। किसी क्लब में शामिल हों या किसी पड़ोसी की मदद करें।

मीन : मदद को विनम्रता से स्वीकार करें। इससे आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा और पूरे दिन लगातार प्रगति होगी।

अर्शदीप पावरप्ले के हाईएस्ट विकेट टेकर, तिलक नो-बॉल पर कैच हुए

ईशान साल में सबसे ज्यादा टी-20 रन बनाने वाले भारतीय

ब्रह्मास्त्र ▸▸ हैमिल्टन

न्यूजीलैंड ने पांचवे टी-20 मैच में भारत को 7 विकेट से हरा दिया। हैमिल्टन में ईशान किशन एक साल में सबसे ज्यादा टी-20 रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी बने। उन्होंने पूर्व कप्तान सूर्यकुमार यादव का रिकॉर्ड तोड़ा।

भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। वहीं तिलक वर्मा नो-बॉल की वजह से कैच आउट होने से बच गए।

ईशान ने इस साल 1220 टी-20 रन बनाए- ईशान किशन ने इस साल टी-20 इंटरनेशनल में 1220 रन बनाए हैं। उन्होंने सूर्यकुमार यादव का रिकॉर्ड तोड़ा। सूर्या ने 2022 में 1164 रन बनाए थे।

ईशान ने 1345 गेंद पर 2 हजार टी-20 रन पूरे किए- ईशान किशन ने 32 गेंद पर 61 रन की पारी खेली। वे 2 हजार टी-20 रन बनाने वाले तीसरे सबसे तेज भारतीय बने। उन्होंने इसके लिए 1345 गेंद खेली। पहले स्थान पर अभिषेक शर्मा हैं, जिन्होंने 1024 गेंद पर यह मुकाम हासिल किया था।

अर्शदीप पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज- अर्शदीप सिंह ने टी-20 इंटरनेशनल में पावरप्ले के दौरान 65 विकेट लिए हैं। वे फुल मेंबर टीमों के गेंदबाजों में पहले 6 ओवर में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में पहले नंबर पर पहुंच गए। न्यूजीलैंड के टिम साउदी के नाम भी 65 विकेट हैं, लेकिन उन्होंने ये विकेट अर्शदीप सिंह से ज्यादा पारियों में लिए हैं।

सैंटनर न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा टी-20 मैच खेलने वाले खिलाड़ी- मिचेल सैंटनर ने न्यूजीलैंड के लिए 143 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। वे इस फॉर्मेट में न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। ईश सोढ़ी 142 मैच के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

फिलिप्स बाइलेटरल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी- ग्लेन फिलिप्स ने इस 5 मैचों की सीरीज में 341 रन बनाए। वे बाइलेटरल टी-20 सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इंग्लैंड के फिल सॉल्ट का रिकॉर्ड तोड़ा। सॉल्ट ने 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में 331 रन बनाए थे।

कैच लेने के बाद फिन एलन का पैर बाउंड्री से टकराया- छठे ओवर में ईशान किशन आउट होने से बच गए। सैंटनर के ओवर की पहली गेंद पर ईशान ने लॉन्ग-ऑन की तरफ शॉट खेला। फिन एलन ने बाउंड्री पर कैच पकड़ने के बाद गेंद हवा में उछाल दी और फिर कैच पकड़ लिया। हालांकि थर्ड अंपायर ने रिप्ले में देखा कि जब गेंद हाथ में था, तब उनका दायां पैर बाउंड्री के बाहर जमीन पर था। इसके बाद ईशान को 6 रन मिले।



तिलक को जीवनदान

नाथन स्मिथ के 14वें ओवर की दूसरी गेंद पर तिलक वर्मा का कैच लपका गया। फिन एलन ने बैकवर्ड पॉइंट पर दाईं ओर डाइव लगाकर शानदार कैच पकड़ा, लेकिन अंपायर ने इसे नो-बॉल दे दिया। स्मिथ का पैर क्रीज से बाहर था। इस तरह तिलक को जीवनदान मिला और अगली गेंद पर फ्री-हिट मिली।

अभिषेक ने मिचेल का बेहतरीन कैच पकड़ा

वरुण चक्रवर्ती के 9वें ओवर में अभिषेक ने शानदार कैच लपका। ओवर की तीसरी गेंद पर डेरिल मिचेल ने स्लॉट में मिली फुल लेंथ गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की। हालांकि गेंद लॉन्ग-ऑफ की ओर गई, जहां अभिषेक खड़े थे। उन्होंने आगे की ओर डाइव लगाकर कैच पकड़ा। मिचेल 16 गेंद पर 29 रन बनाकर आउट हुए।

ज्योतिष/वास्तु

बनेंगे करियर और धन में तरक्की के योग

6 नवंबर तक इन 3 राशियों को मिल सकती है खुशखबरी



17 अक्टूबर 2026 को सूर्य के तुला राशि में प्रवेश करने से वहां पहले से विराजमान शुक्र के साथ उनकी युति बनी है। इससे शुक्रादित्य योग का निर्माण हुआ है। मान्यता है कि इस ग्रह संयोग का सकारात्मक प्रभाव कुछ राशि के जातकों के जीवन में देखने को मिल सकता है। आइए जानते हैं ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार किन 3 राशियों के लिए यह योग अनुकूल रह सकता है।

वैदिक ज्योतिष में शुक्रादित्य योग को सुख-सुविधाओं, प्रतिष्ठा और उन्नति से जोड़कर देखा जाता है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, 17 अक्टूबर 2026 को सूर्य के तुला राशि में प्रवेश करने से वहां पहले से विराजमान शुक्र के साथ उनकी युति बनी है। इससे शुक्रादित्य योग का निर्माण हुआ है। मान्यता है कि इस ग्रह संयोग का सकारात्मक प्रभाव कुछ राशि के जातकों के जीवन में देखने को मिल सकता है। इस अवधि में करियर से जुड़े नए अवसर मिलने, आर्थिक मामलों में सुधार होने और लंबे समय से अटके कार्यों में गति आने की संभावना जताई जा रही है। आइए जानते हैं ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार किन 3 राशियों के लिए यह योग अनुकूल रह सकता है।

शुक्रादित्य योग का ज्योतिषीय महत्व- ज्योतिष शास्त्र में सूर्य को आत्मबल, यश, प्रतिष्ठा और नेतृत्व क्षमता का प्रतिनिधि ग्रह माना जाता है। वहीं, शुक्र प्रेम, भौतिक सुख, आकर्षण और विलासिता से संबंधित हैं। जब कुंडली में सूर्य और शुक्र एक ही राशि में स्थित होते हैं, तो उनकी युति से शुक्रादित्य योग बनता है। मान्यताओं के अनुसार, यह संयोग व्यक्ति के आत्मविश्वास, सामाजिक प्रतिष्ठा और सुख-सुविधाओं से जुड़े मामलों को प्रभावित कर सकता है। तुला राशि में बना यह योग 6 नवंबर 2026 तक प्रभावी रहने की बात कही गई है।

मेष राशि- मेष राशि के जातकों के लिए यह समय करियर और आर्थिक मामलों में सकारात्मक संभावनाएं लेकर आ सकता है। नौकरी करने वालों को कार्यस्थल पर नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। पहले किए गए निवेश से लाभ मिलने की उम्मीद भी की जा सकती है। आय के नए स्रोत तलाश रहे लोगों को अच्छे विकल्प मिल सकते हैं, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत करने में मदद मिलेगी। निजी जीवन में भी रिश्तों के बीच तालमेल बेहतर होने और प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ने की संभावना है।

तुला राशि- तुला राशि के जातकों के लिए शुक्रादित्य योग विशेष महत्व रख सकता है। इस दौरान सुख-सुविधाओं में वृद्धि और आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के अवसर मिल सकते हैं। लंबे समय से अधूरे पड़े काम पूरे होने की संभावना है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। किसी कानूनी मामले में चल रही परेशानी कम होने के संकेत भी मिल सकते हैं। सही निर्णय और प्रयास जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक हो सकते हैं।

धनु राशि- धनु राशि वालों के लिए यह ग्रह संयोग भाग्य का साथ मिलने की उम्मीद बढ़ा सकता है। व्यापार से जुड़े लोगों को नई योजनाओं पर काम करने और अपने कारोबार का विस्तार करने के अवसर मिल सकते हैं। नौकरीपेशा जातकों के लिए करियर में आगे बढ़ने की संभावनाएं बन सकती हैं। यदि आप नौकरी बदलने की सोच रहे हैं, तो बेहतर विकल्पों की तलाश कर सकते हैं। योजनाबद्ध तरीके से काम करना और अवसरों का सही उपयोग करना आपके लिए लाभकारी साबित हो सकता है।

भारतीय हॉकी टीम ने मलेशिया को हराया

कप्तान हरमनप्रीत की हैट्रिक, 4-2 से जीते, टीम टूर्नामेंट में अब तक नहीं हारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय हॉकी टीम ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में मलेशिया को 4-2 से हरा दिया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने हैट्रिक लगाई। उन्होंने 3 पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किए।

मुकाबला जालंधर के ओलिंपियन सुरजीत सिंह स्टेडियम में खेला गया। इस जीत के साथ भारतीय टीम टूर्नामेंट में अजेय अभियान बरकरार रखा है। भारत अपने चारों मुकाबले जीतकर पॉइंट्स टेबल में पहले स्थान पर है। टूर्नामेंट की 4 सेमीफाइनल टीमें पहले ही तय हो चुकी है। इनमें भारत, मलेशिया, जापान और साउथ कोरिया है।

हरमनप्रीत ने तीसरे मिनट में ही गोल कर बढ़त दिलाई- हरमनप्रीत ने तीसरे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। मलेशिया ने भी अच्छी चुनौती दी और हाफ टाइम तक स्कोर 1-1 कर दिया। दूसरे हाफ में भारत ने फिर आक्रामक खेल दिखाया। हरमनप्रीत ने 33वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर दूसरा गोल किया। इसके बाद सुखजीत सिंह ने 43वें मिनट में गोल कर भारत की बढ़त 3-1 कर दी। 58वें मिनट में हरमनप्रीत ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलकर अपनी हैट्रिक पूरी की। मलेशिया के लिए शेलो सिल्वरियस ने आखिरी मिनट में गोल किया। हालांकि, तब तक भारत की जीत तय हो चुकी थी। एशियन गेम्स के फाइनल में भी भारत और मलेशिया आमने-सामने थे। इस बार मलेशियाई टीम ने बेहतर डिफेंस दिखाया और भारतीय खिलाड़ियों के पासिंग मूव्स को रोकने की कोशिश की। भारत के कोच क्रेग फुल्टन और कप्तान हरमनप्रीत ने भी माना कि टीम को मिले मौकों का बेहतर इस्तेमाल करना होगा।



जापान और कोरिया ने भी सेमीफाइनल में जगह बनाई

रविवार के मुकाबलों के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चारों टीमें तय हो गईं। कोरिया ने बांग्लादेश को 5-0 से हराया, जबकि जापान और चीन का मुकाबला 2-2 से ड्रॉ रहा। भारत और मलेशिया के अलावा जापान और कोरिया ने सेमीफाइनल में जगह बनाई।

मेरी डिक्शनरी में डर शब्द नहीं: गंभीर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रावलपिंडी

भारत ने न्यूजीलैंड को 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 3-2 से हराया। सीरीज जीतने के बाद भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने कहा, मेरी डिक्शनरी और डायरेक्टरी में डर नाम का कोई शब्द नहीं है। गंभीर ने पहले मैच का उदाहरण देते हुए खिलाड़ियों की तारीफ की। उन्होंने बताया कि टीम ने 15 घंटे की लंबी फ्लाइट के बाद सिर्फ एक अभ्यास सत्र किया था, इसके बावजूद मुकाबला जीत लिया। भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि गेंदबाजी और फील्डिंग बेहतर हो सकती थी। वहीं न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स को सीरीज का बेस्ट खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने पांच मैचों में 341 रन बनाए। गंभीर ने कहा, विदेशी परिस्थितियों में खेलते समय टीम को मुश्किल हालात से घबराना नहीं चाहिए। न्यूजीलैंड पहुंचने के बाद भारतीय खिलाड़ियों को लंबी यात्रा और कम अभ्यास का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद पहले मैच में जीत हासिल करना आसान नहीं था। गंभीर ने इसी प्रदर्शन को टीम की मानसिक मजबूती का उदाहरण बताया।

खबर एक नजर...

महाकाल थाना परिसर में चला स्वच्छता अभियान

उज्जैन। शहर में जहां दीपावली को लेकर साफ-सफाई अभियान चल रहा है। वहीं पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के निदेर्शानुसार जिले के समस्त थाना भवनो में भी स्वच्छता अभियान की शुरूआत की गई। रविवार को महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल और थाना स्टॉफ ने भवन के कक्ष और परिसर में अभियान चलाया। चिमनगंज थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार द्वारा भी थाना भवन परिसर में रविवार को स्वच्छता अभियान की शुरूआत की और जप्त वाहनों सही तरीके से खड़ा कराया। परिसर में पेड़ों की झूलती डालियों की छंटनी की गई। उसके बाद भवन कक्षों को स्वच्छ करने के अभियान की शुरूआत की। पुलिस द्वारा स्वच्छता और सुव्यवस्थित कार्यस्थल बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निदेश पर अभियान संचालित किया गया।

नजरपुर में 2 बाइक के बीच हुई भिड़ंत, 4 घायल

उज्जैन। घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम नजरपुर में रविवार दोपहर 2 बाइक के बीच भिड़ंत हो गई। एक बाइक पर दंपति और बालिका सवार थे। दूसरी बाइक एक युवक था। चारों के घायल होने पर उन्हे निपानिया टोल की एम्बुलेंस चरक अस्पताल लेकर पहुंची। घायल दंपति के नाम पूजा पति संजू नाथ और संजू पिता बसंत नाथ निवासी लक्ष्मीपुरा सामने आये। घायल बालिका दंपति की भांजी सोनाक्षी पिता राजूनाथ 19 साल थी। तीनों लक्ष्मीपुरा कायथा से सनावद जा रहे थे। वहीं दूसरी बाइक पर घायल दिलीप पिता बाबूलाल डाबी निवासी ग्राम डाबरी घट्टिया होना सामने आया। चारों को उपचार के लिये भर्ती किया गया है। मामले की सूचना घट्टिया थाना पुलिस को अस्पताल स्टॉफ की ओर से दी गई है। सड़क दुर्घटना का एक मामला चिमनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कमेड उज्जैन-गरोठ मार्ग पर हुआ। 2 बाइक की टक्कर में एक बाइक सवार लोकेश पिता संपत कुमार जैन निवासी पल्लर नगर एयरपोर्ट इंदौर घायल हो गया। उसके द्वारा दूसरी बाइक चालक को देखकर चलाने की बात कहीं तो उक्त बाइक चालक ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दूसरी बाइक चालक के खिलाफ टक्कर मारने और मारपीट करने का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

अज्ञात कारणों से 16 साल के बालक ने खाया जहर

उज्जैन। कायथा में रहने वाले 16 साल के बालक देवप्रकाश पिता मनोज वर्मा ने शनिवार शाम अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजन हालत बिगड़ने पर अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन डॉक्टरों ने उज्जैन रैफर कर दिया। परिजनों ने उज्जैन फ्रीगंज स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां रात में बालक की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने पर माधवनगर थाना पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। जांच के लिये मर्ग डायरी कायथा थाना पुलिस को सौंपी जायेगी।

बदमाशों ने कालोनी में लगी डीपी तोडकर चुराया ऑयल

उज्जैन। कानीपुरा मार्ग स्थित तिरूपति कृष्णावेली में लगी विद्युत डीपी तोड़कर बदमाशों ने उसमें भरा कई लीटर ऑयल चोरी कर लिया। ऑयल चोरी होने पर कालोनी की बिजली व्यवस्था ठप्प हो गई। मामले की जानकारी लगने पर कालोनी का निर्माण करने वाले महेश परियाणी द्वारा मामले की शिकायत चिमनगंज थाना पुलिस को दर्ज कराई गई है।

रॉग साइड वाहन चलाने वाले चालक पर जुर्माना



उज्जैन। शिप्रा विहार औद्योगिक क्षेत्र में रॉग साइड हुटर बजाकर तेजगति से वाहन चलाने वाले कार चालक का वीडियो यातायात पुलिस के पास पहुंचा तो वीडियो के आधार पर तलाश शुरू की गई। कार पर करणी सेना परिवार की प्लेट लगी थी। पुलिस ने नम्बर एमपी 13 ए जे 5587 ट्रेस कर चालक को हिरासत में लिया। कार को जप्त कर चालक के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई करते हुये 2 हजार रुपए समन शुल्क वसूला। पूर्व में यातायात पुलिस स्टंटबाजी करने वाले, लापरवाही से वाहन चलाने वालों के खिलाफ जुमार्ने और चालन की कार्रवाई कर चुकी है। एक बार फिर यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों से अपील की गई कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें। रॉग साइड वाहन नहीं चलाये। मार्गो पर स्टंटबाजी ना करें। खुद के साथ दूसरों की सुरक्षा ध्यान रखे। पुलिस द्वारा नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों की सूचना देने के लिये मोबाइल नम्बर 7587637158 जारी किया गया है। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जायेगी।

दिन	147-2	134-8
मेन बाजार	346-3	348-5
मिलन डे	133-7	225-9
मिलन नाइट	127-0	158-4

3 4 7

रवि पुष्य के योग में बाजार में जमकर उमड़े ग्राहक, मुख्य बाजार में चलने में समस्या रही

दाम गिरने की संभावना में सोना-चांदी की ग्राहकी त्यौहार जैसी नहीं रही

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दीपावली पर्व के पूर्व रवि पुष्य के योग में रविवार शाम को बाजार में रौनक देखी गई। कपड़ों के साथ अन्य त्यौहारी खरीद इस दौरान अधिक रही है। सोना चांदी में दाम की गिरावट और होने की संभावना के चलते ग्राहकी त्यौहार जैसी नहीं रही है। बाजार में अव्यवस्था की स्थिति बनी रहने से दुकानदारों एवं खरीददारों को परेशानी रही है।

रविवार को सुबह से लेकर अपराह्न तक बाजार में छूट-पूट खरीदी हो रही थी। शाम ढलने के साथ ही बाजार में ग्राहक उमडने शुरू हो गए थे। अधिकांश ग्राहक सामान्य दीपावली की खरीदी के लिए ही खुले बाजार में रहे। इस दौरान कपड़े एवं साज सज्जा की दुकानों पर खासी ग्राहकी देखी गई है। देर शाम तक बाजार में खासी भीड रही। पटनी बाजार में ग्राहकों की संख्या रही लेकिन खरीददारी कमजोर रही है इस आवागमन में समस्या होने से ग्राहक परेशानी से दो-चार होते देखे गए हैं।

उज्जैन सराफा बाजार में रविवार को पुष्य नक्षत्र के लिए पटनी बाजार स्थित दुकानों पर ग्राहकों के लिए रेड कारपेट लगाया गया था। दुकानों में सजावट की गई थी। भाव भी गिरावट के साथ ही दर्ज किया गया था। इसके बावजूद बाजार कमजोर ही रहा है। बाजार में जो खरीद हुई है वह भी मात्र रवि पुष्य के योग की शगुन खरीद रही है। देर शाम तक बाजार में पिछले वर्षों की अपेक्षा मात्र 10 फीसदी खरीद होने की स्थिति ही उभरकर सामने आ रही थी। बाजार के विश्लेषकों के अनुसार मात्र छूटपूट ग्राहकी रही है। ग्राहकों को सोना झचांदी के दाम में और अधिक गिरावट का अदेशा होने से भी खरीद प्रभावित रही है। बडे शो रूमों पर शाम के दौरान अच्छी खरीद हुई है लेकिन पूर्व वर्षों की अपेक्षा वहां भी ग्राहकी कमजोर रही है। इधर व्यापारियों का यह भी कहना था कि पिछले कुछ समय से परचेसिंग पावर भी कमजोर हुई है। इधर बाजार के विश्लेषकों के अनुसार इरान युद्ध की स्थिति में अमेरिका अगर 4 नवंबर तक हमला नहीं करता है तो ऐसे में बाजार में एक बार फिर से प्रमुख धातुओं के दामों में स्थिरता बन सकती है और दामों में बढ़ोतरी बन सकती है। क्रुड आयल के दाम बराबर बढ़ने एवं डालर गिरने के कारण से भी भाव बराबर प्रभावित हो रहे हैं।

आवागमन में परेशानी से जुझे ग्राहक

इधर पुराने शहर के सराफा क्षेत्र में दुकानों के आसपास एवं मुख्य मार्ग पर रेहड़ी वालों के कारण ग्राहकों को आवागमन में समस्या का सामना करना पड़ा है तो छत्री चौक से कंठाल मार्ग पर भी सड़क के बीच में एवं साईड में बैठकर व्यापार करने वालों के कारण व्यापार प्रभावित होता रहा है। दुकानदारों ने कहा कि सडक के बीच में रेहड़ी वालों को बैठाने से उनकी दुकान के सामने सडक के बीच में वाहनों की पार्किंग की जगह ही नहीं मिली जिससे ग्राहक आगे निकल गए। ग्राहकों का कहना था कि सडक के चौड़ीकरण किए जाने के बाद भी पैदल चलने में भी समस्या की स्थिति रही है। सड़क के बीच में दो पहिया वाहन एवं आजू बाजू में ई-रिक्शा टैक्सी चलती रही जिससे आवागमन में समस्या रही है। शहीद पार्क रोटरी एवं टावर तक भी यही स्थिति बाजार में रही है। दो पहिया वाहनों के साथ ही सड़क के बीच में रेहड़ी वालों के कारण पैदल चलने वाले ग्राहकों को परेशानी रही। ग्राहकों का कहना था कि सड़क के बीच में दायरा तय कर दुकानदारों को बैठाया जाना था। इसके लिए लाइन खींचकर नगर निगम को व्यवस्था को नियंत्रित करना था। आगे पीछे बैठे दुकानदारों ने सड़क के दोनों ओर गलियारा बनाकर रख दिया था।

मामला होटल श्री गंगा के फूड वेस्ट चैंबर में चार की मौत का

मुआवजे की मांग पर अड़े समाजजन सड़क पर बैठे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन







होटल श्री गंगा में शनिवार रात हुये दर्दनाक घटनाक्रम में चार युवकों की मौत के बाद रविवार सुबह पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान 3 मृतकों के समाज से जुड़े लोग और परिजन मुआवजे की मांग पर अड़ गये। उन्होने शव लेने से मना कर दिया और सड़क पर बैठ गये। मृतकों को शासन स्तर पर 4-4 लाख और होटल प्रबंधन की ओर से 30-30 लाख की सहायता प्रदान किये जाने की बात कहीं गई।

देवासरोड पर श्री गंगा होटल में दीपावली से पहले फूड वेस्ट चैंबर की सफाई के लिये आउटसोर्स कर्मचारियों को बुलाया गया था। शनिवार रात 10 बजे सफाई का काम शुरू किया गया था। 10.30 बजे के लगभग ऊपरी मंजिल से चैंबर में एक युवक संतुलन बिगड़ने से गिर गया। उसे बचाने के लिये एक के बाद एक उतरे 3 युवक भी फंस गये। गैंस की वजह से तीनों बेहोश हो गये और बाहर नहीं आ सके। मामले की जानकारी लगने पर माधवनगर थाना पुलिस की टीम पहुंची, चैंबर को तोड़ने और काटने का काम शुरू किया और डेढ़ घंटे बाद चारों को फूड वेस्ट के मलबे से बाहर निकाला गया। उन्हे सीपीआर भी दिया गया लेकिन उनकी सांसे नहीं लौटी। मृतकों के नाम कमलेश पिता सोहनलाल 30 साल, नितिन पिता ताराचंद्र 22 साल निवासी वाल्मिकीनगर, वाहिद पिता सगीर 35 साल निवासी सुसनेर हाल मुकाम पहलवान पीर का टेकरा जानसापुरा और मनोज पिता रोजमल मीणा 25 साल निवासी मंडावर जिला झालावाड़ राजस्थान सामने आये। मनोज होटल का कर्मचारी था। रविवार सुबह जल्द पोस्टमार्टम कराया गया। मनोज का शव भाई विकास लेकर झालावाड़ के लिये रवाना हो गया, लेकिन तीनों मृतकों के परिजनों और समाजजनों ने शव लेने से इंकार कर दिया। उन्होने मुआवजे की मांग करते हुये सड़क पर धरना दे दिया।

प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे थे होटल

शनिवार रात घटनाक्रम सामने आने के बाद एसपी प्रदीप शर्मा सबसे पहले होटल श्री गंगा पहुंचे थे। उसके बाद कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, एसडीएम एल. एन. गर्ग, नगर निगम प्रभारी आयुक्त भी होटल पहुंच गये थे। सभी ने पूरे मामले की जांच कराने की बात कहीं। होटल संचालक भी घटनास्थल पर आ गये थे।

इनका कहना

मामले की जांच की जा रही है। लापरवाही सामने आने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। **-प्रदीप शर्मा, एसपी**

चार युवकों की मौत होने पर मर्ग कायम किया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी। **- गजेन्द्र पचौरिया, टीआई माधवनगर**

होटल श्री गंगा हादसे में मृतकों की मौत की वजह गैस से दम घुटने पर होना प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम के बाद विसरा रिजर्व किया गया है। जांच के लिये भेजा जायेगा।- **विक्रम रघुवंशी, सीएमएचओ**

5 लाख से 30 लाख तक पहुंचा मामला

पोस्टमार्टम के दौरान ही मृतकों के परिजनों और समाजजनों ने मुआवजे की मांग शुरू कर दी थी। उनका कहना था कि 1 करोड़ और परिजनों को नौकरी दी जाये। होटल प्रबंधन ने 5-5 लाख देने की बात कहीं। लेकिन समाजजन संतुष्ट नहीं थे। दोपहर में तय हुआ कि 30-30 लाख सहायता दी जायेगी। उसके बाद परिजन शवों को अंतिम संस्कार के लिये ले गये। इधर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भी शासन स्तर पर 4-4 लाख दिये जाने की घोषणा की।

राज्यसभा सदस्य पहुंचे पोस्टमार्टम कक्ष

परिजनों और वाल्मिकी समाज के लोगों द्वारा की जा रही मुआवजे की मांग को देखते हुये राज्य सभा सदस्य एवं वाल्मिकी समाज के धर्मगुरू उमेशनाथ महाराज पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचे। घटना पर अपनी संवेदना व्यक्त की और मुख्यमंत्री से उनकी मांगों के संबंध में चर्चा का आश्वासन दिया। महापौर मुकेश टटवाल भी आ गये थे। उन्होने मदद का आश्वासन दिया और मृतक कमलेश के साथ नितिन के नगर निगम कर्मी होने पर शहर की सभी होटल में वेस्ट चैंबरों की जांच कराने की बात कहीं।

पुलिस की गाड़ी से कूदकर भागा डबल मर्डर का आरोपी

नागपुर से किया था गिरफ्तार



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

डबल मर्डर का आरोपी 110 दिन बाद नागपुर से पुलिस की हिरासत में आ गया। उसे उज्जैन लाया जा रहा था लेकिन पुलिस की गाड़ी से कूदकर भाग निकला। उसे पकड़ने के लिये दौड़ी पुलिस टीम को देख आरोपी ब्रिज से कूद गया।

नीलगंगा चौराहा पर 110 दिन पहले 18 जुलाई की रात पासी गैंग के बदमाशों ने लोकेश गोरकर और उसके सगे भाई जय गोरकर की जघन्य हत्या कर दी थी। दोनों भाईयों को बचाने में चाचा दिलीप गोरकर और उनका पुत्र तपन गंभीर घायल हो गया था। नीलगंगा पुलिस ने मामले में डबल मर्डर का प्रकरण दर्ज किया था। 18 आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई थी। पांच आरोपी फरार चल रहे थे। जिनकी गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया गया था। शनिवार को खबर मिली कि डबल मर्डर का एक आरोपी नागपुर में छुपा हुआ है। थाना प्रभारी तरूण कुरील की टीम उसकी गिरफ्तारी के लिये पहुंची थी। जहां से आरोपी रोहित बौरासी निवासी जबरन कालोनी को हिरासत में लेकर उज्जैन लौट रही थी। नागझिरी गरोठ बायपास ब्रिज क्षेत्र में पुलिस की गाड़ी अचानक खराब हो गई। इस दौरान आरोपी गाड़ी से कूद गया और भागने लगा। पुलिस टीम ने उसे पकड़ने के लिये पीछा। आरोपी ने ब्रिज से कूदकर भागने का प्रयास किया लेकिन गिरने पर घायल हो गया। उसे टीम ने दबोचा और उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंची। नीलगंगा टीआई तरूण कुरील ने बताया कि अब तक डबल मर्डर मामले में रोहित बौरासी सहित 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अब भी 4 आरोपी फरार है, जिनकी तलाश जारी है। फरार आरोपियों पर इनाम भी घोषित है। रोहित भी इनामी आरोपी था।

झूले की रस्सी पर लटका मिला बालक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

खाराकुआ थाना क्षेत्र के गुदरी में रहने वाला 15 वर्षीय कासिम पिता मोहम्मद रशीद रविवार शाम घर में रस्सी के झूले पर लटका मिला। उसके गले में रस्सी उलझी हुई थी। परिजनों ने उसे झूले से निकाला और अस्पताल लेकर पहुंचे। कासिम की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। जानकारी सामने आई कि कासिम झूले पर करतब कर रहा था, इस दौरान रस्सी उसके गले में फंस गई थी। पुलिस के अनुसार मामले की जांच शुरू की गई है। परिजनों के बयान दर्ज किये जाएंगे।

रात में महिला ने लगाई फांसी

नानाखेड़ा बसंत विहार में रहने वाली सीमा पति अरूण मालवीय 33 साल ने शनिवार रात फांसी लगा ली। रविवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा सामने आया। देवास मायके से आये परिजनों ने पति और सास पर आरोप लगाये। पुलिस ने जांच के बाद आगे की विवेचना शुरू करने की बात कहीं है।

उम्रकैद की सजा के बाद से फरार आरोपी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

षडयंत्र रचने के बाद हत्या को अंजाम देने वाले आरोपियों को 2 साल पहले उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। जमानत पर रिहा हुआ एक आरोपी फैसला आने के बाद फरार हो गया था। जिसके खिलाफ वारंट जारी हुआ था। पुलिस ने सजा के बाद से फरार चल रहे आरोपी को शनिवार रात गिरफ्तार कर लिया।

वर्ष 2019 में चिंतामण क्षेत्र में एक युवती की सड़क दुर्घटना में मौत होने का मामला सामने आया था। पुलिस जांच में घटनाक्रम षडयंत्र रचकर हत्या का होना सामने आया था। पुलिस ने मामले से जुड़े हिन्दूवादी नेता सुखविंदसिंह खनूजा, समीर उर्फ मोहसीन, पंकज उर्फ पवन, उमा पति पंकज, संजय उर्फ संजू और वाहिद को गिरफ्तार किया था। सुनवाई के दौरान सभी आरोपियों को जमानत मिल गई थी। इस बीच वर्ष 2024 में न्यायालय ने फैसला सुनाया और सभी को उम्रकैद की सजा सुनाई। पांच आरोपी को जेल भेज दिया गया था, लेकिन जमानत मिलने के बाद और फैसला आने पर भी आरोपी संजय उर्फ संजू धुर्वे निवासी गांधीनगर इंदौर गिरफ्त में नहीं आ पाया था। उसके खिलाफ न्यायालय ने वारंट जारी किया था। 3 साल बाद पुलिस ने सजायाफ्ता फरार वारंटी संजय को इंदौर से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि मामला सुखविंदर खनूजा से जुड़ा था। उसकी प्रेमिका ने दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कराया था। उस वक्त सुखविंदर को गिरफ्तार किया गया था लेकिन जमानत मिल गई थी, युवती शादी का दबाव बना रही थी। सुखविंदर ने उसकी हत्या की साजिश रची और अपने ढाबे पर बुलाया। षडयंत्र के तहत उसका मैजिक से एक्सीडेंट करा दिया था। जिसमें युवती की मौत हो गई थी।

पिता के साथ की थी मोबाइल दुकान में वारदात

कैमरों की मदद से मिला चोरी के आरोपी का सुराग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



दुकान का शटर उचाकर लाखों के मोबाइल चोरी करने वाले आरोपी तक पुलिस कैमरों की मदद से पहुंच गई। उसके पास से ढाई लाख के मोबाइल, आईपैड बरामद कर लिये गये है। शेष मोबाइल उसके पिता के पास है। जिसकी बरामदगी के साथ पिता को गिरफ्तार करने के प्रयास जारी है।

चिमनगंज थाना टीआई अशोक पाटीदार ने बताया कि 6 अक्टूबर को फाजलपुरा गोल्डन मोबाइल दुकान में चोरी को अज्ञात बदमाशों ने अंजाम दिया था और 15 मोबाइल फोन, एप्पल आईपैड, सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर एवं हार्ड डिस्क तथा नगदी चोरी कर ली गई थी। दुकान संचालक परवेज मंसूरी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर आसपास क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये और तकनीकी साक्ष्यों पर काम शुरू किया गया। जिसके आधार पर शनिवार रात आशीष उर्फ गंजूसिंह पिता खय्याम पारदी निवासी छोटी झागरिया पारदी मोहल्ला थाना रातीबड़ भोपाल, हाल मुकाम झुग्गी-झोपड़ी, सेंट पॉल स्कूल के सामने चिमनगंज को अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ करने पर उसने पिता के साथ चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर 2 मोबाइल फोन, 1 एप्पल आईपैड एवं सीसीटीवी का डीवीआर कीमत 2.50 लाख रुपए बरामद कर लिया गया। शेष मोबाइल पिता खय्याम के पास होना बताया है। पिता की तलाश के लिये रविवार को आरोपी आशीष को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार करने में एसआई दिनेश भाट, प्रधान आरक्षक कपिल राठौर, पीयूष मिश्रा, आरक्षक आनंद मिश्रा, जगदीश गेहलोत, रवि पटेल, अभिषेक राठौर, सैनिक चंदनसिंह का सहयोग रहा।

ऑपरेशन प्रहार : पांच आरोपियों से मिला ढाई किलो मादक पदार्थ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाये जा रहे ऑपरेशन प्रहार में जिले की पांच थाना पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 2.655 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद हुआ है।

पुलिस द्वारा ऑपरेशन प्रहार की शुरूआत कर नशे के अवैध कारोबार करने वालों के साथ नशे से जुड़ी चैन को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में पंवासा, नानाखेड़ा, नागझिरी, महाकाल और खाचरौद पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। पंवासा पुलिस ने पांड्याखेड़ी ब्रिज के नीचे से अंकित पिता रामचन्द्र मंडोर निवासी विनायक पार्क कॉलोनी को पकड़ा। उसके पास से 1 किलो 298 ग्राम गांजा बरामद किया गया। महाकाल पुलिस ने मौलाना मौज की दरगाह के पास से मोईन उर्फ कालू पिता मुबारिक खान शकरपुर से 112 ग्राम गांजा जप्त किया। नागझिरी पुलिस द्वारा कमल पिता रामसिंह चंदावत निवासी ग्राम जमालपुरा इंगोरिया को गिरफ्तार कर 4.69 ग्राम एमडी ड्रग्स और 0.42 ग्राम ड्रग्स की गोली बरामद की। नानाखेड़ा पुलिस ने इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर क्षेत्र से ईश्वर पिता रमेश बारवासी आनंद नगर को पकड़ा, जिसके पास से 130 ग्राम गांजा बरामद किया। खाचरौद पुलिस द्वारा भाटखेड़ी रोड रेलवे पुलिया के पास छोटू पिता फरीद शाह निवासी पुराने बस स्टैंड के पास खाचरौद को हिरासत में लेकर 1 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया। सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज उनसे जुड़े आरोपियों की चेन का पता लगाया जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com